## प्रवेशांक

# जल सुरक्षा

## उन्नत जल संसाधन प्रबंधन द्वारा खाद्य सुरक्षा



## जल प्रौद्योगिकी केंद्र

भा.कृ.अनु.प. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
नई दिल्ली -110012 (भारत)

वर्ष : 1 अंक : 1

# जल सुरक्षा

अर्धवार्षिक पत्रिका

(जनवरी – जून, 2024)



**जल प्रौद्योगिकी केंद्र**

**भा. कृ. अनु. प. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान**

**नई दिल्ली -110012**

**संरक्षक मंडल:**

1. डॉ. अशोक कुमार सिंह, निदेशक, भा.कृ.अनु.प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012
2. डॉ. अनुपमा सिंह, संयुक्त-निदेशक (शिक्षा) एवं अधिष्ठाता, भा.कृ.अनु.प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012
3. डॉ. विश्वनाथन चिन्नुसामी, संयुक्त-निदेशक (अनुसंधान), भा.कृ.अनु.प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012
4. डॉ. आर. एन. पड़ारिया, संयुक्त-निदेशक (प्रसार), भा.कृ.अनु.प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012
5. डॉ. पी. एस. ब्रह्मानन्द, परियोजना निदेशक, जल प्रौद्योगिकी केंद्र, भा.कृ.अनु.प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012

**संपादक मंडल:**

- **मुख्य संपादक:** डॉ. अनिल कुमार मिश्र, प्रधान वैज्ञानिक, जल प्रौद्योगिकी केंद्र, भा.कृ.अनु.प. – भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012 ईमेल: dranilkumarmishra1@gmail.com
- **संपादक:**
  1. डॉ. विजय प्रजापति, वैज्ञानिक, जल प्रौद्योगिकी केंद्र, भा.कृ.अनु.प. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012 ईमेल: prajapati114@gmail.com
  2. डॉ. नीता द्विवेदी, प्रधान वैज्ञानिक, जल प्रौद्योगिकी केंद्र, भा.कृ.अनु.प. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012 ईमेल: neeta.iari@gmail.com
  3. डॉ. मोनालिशा प्रामाणिक, वरिष्ठ वैज्ञानिक, जल प्रौद्योगिकी केंद्र, भा.कृ.अनु.प. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012 ईमेल: monalishapramanik@gmail.com
  4. डॉ. सुसमा सुधिश्री, प्रधान वैज्ञानिक, जल प्रौद्योगिकी केंद्र, भा.कृ.अनु.प. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012 ईमेल: susama_s@rediffmail.com
  5. श्री सतेन्द्र कुमार, प्रशासनिक अधिकारी, जल प्रौद्योगिकी केंद्र, भा.कृ.अनु.प. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012 ईमेल: satyendra.kumar30@icar.gov.in
  6. डॉ. वीरेंद्र कुमार, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी, जल प्रौद्योगिकी केंद्र, भा.कृ.अनु.प. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली-110012 ईमेल: v.kumardhama@gmail.com
- **तकनीकी सहायक:** श्रीमती सतेन्द्र कौर, श्री संजय, श्री शशिकांत, श्री आकाश पटेल, श्री जगत कुमार

© प्रकाशकाधीन (सर्वाधिकार सुरक्षित)

**प्रकाशक: जल प्रौद्योगिकी केंद्र, भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान**
**नई दिल्ली -110012 (भारत)**

(सर्वाधिकार प्रकाशक के अधीन; इस प्रकाशन में व्यक्त किए गए विचार लेखकों के अपने विचार हैं और प्रकाशक अथवा संपादक इस प्रकाशन में दी गई सामाग्री के अनुप्रयोग से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति /हानि के लिए उत्तरदायी नहीं हैं।)

# अथ श्री गणेश वंदना



## ॥प्रार्थना॥

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते॥
लम्बोदर नमस्तुभ्यं सततं मोदकप्रिय। निर्विविघ्नं कुरु मे देव
सर्वकार्येषु सर्वदा॥ अनया पूजया सिद्धि-बुद्धि-सहितः
श्रीमहागणपतिः साङ्गः परिवारः प्रीयताम्॥
श्रीविघ्नराजप्रसादात्कर्तव्यामुककर्मनिर्विघ्नसमाप्तिश्चास्तु।

भा.कृ.अ.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली–110012 (भारत)
**ICAR - INDIAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE**
**(A Deemed to be University under Section 3 of UGC Act, 1956)**
**New Delhi-110012 (INDIA)**

**डॉ. अशोक कुमार सिंह**
**निदेशक**
**Dr. Ashok Kumar Singh**
**DIRECTOR**

**Phones : +91 11 2584 2367, 2584 3375**
**Fax : +91 11 2584 6420**
**Email : director@iari.res.in**
**Website : www.iari.res.in**



# संदेश

यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि जल प्रौद्योगिकी केंद्र, भा.कृ.अनु.प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा जल से सम्बन्धित एक गृह पत्रिका **"जल सुरक्षा"** का प्रवेशांक विश्व जल दिवस के शुभ अवसर पर प्रकाशित हो रहा है। समकालीन परिपेक्ष्य में वैश्विक तापमान वृद्धि एवं जलवायु परिवर्तन के कारण जल संकट की चुनौतियों को समझने तथा समाधान के विकल्प खोजने के लिए यह एक सराहनीय कदम है।

भविष्य में होने वाले जल संकट को देखते हुए कृषि में उन्नत जल प्रबंधन अति आवश्यक है। एक-एक बूंद की महत्ता (पर ड्राप मोर क्रॉप) को देखते हुए सटीक सिंचाई का कृषि में महत्त्वपूर्ण योगदान हो सकता है जिससे न केवल जल दक्षता में वृद्धि होगी अपितु जल की बचत कर अधिक से अधिक क्षेत्र में फ़सलोत्पादन किया जा सकता है। साथ ही निम्न गुणवत्ता वाले या अपशिष्ट जल के पुन: उपयोग के विकल्प भी खोजने की महती आवश्यकता है।

यह पत्रिका नवोन्मेषी विचार, तकनीकियों के उपयोग, सूक्ष्म सिंचाई, सौर ऊर्जा के स्रोत का प्रयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पाठकों और किसानों को अवगत कर जन जागरण फ़ैलाने का काम करेगी। साथ ही इस पत्रिका में किसानों और स्कूली बच्चो के पत्र, सुझाव, पेंटिंग तथा कविता को शामिल कर उनके विचार और संदेश जन मानस तक पहुँचाने का काम करेगी।

यह पत्रिका राजभाषा हिंदी में होने के कारण पूरे भारत में अपनी बात व्यक्त करने में सफल होगी और हिंदी के प्रचार-प्रसार में भूमिका निभाएगी।

इस पत्रिका के प्रकाशन के लिए मैं इससे जुड़े सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ और इसके सफलता की कामना करता हूँ।

(अशोक कुमार सिंह)

स्थान : नई -दिल्ली
दिनांक: 15-03-2024

भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
नई दिल्ली-110 012 (भारत)
ICAR - INDIAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE
(A Deemed to be University Under Section 3 of UGC Act, 1956)
NEW DELHI-110 012 (India)

**डॉ. अनुपमा सिंह**
संयुक्त निदेशक (शिक्षा) एवं अधिष्ठाता
**Dr. Anupama Singh**
Joint Director (Edu.) & Dean



## संदेश

यह बहुत ही हर्ष की बात है कि विश्व जल दिवस के शुभ अवसर पर **"जल सुरक्षा"** नामक एक महत्वपूर्ण पत्रिका का प्रकाशन हो रहा है। जनसँख्या वृद्धि एवं जलवायु परिवर्तन के कारण लगभग प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता में कमी आ रही है और भविष्य में जल संकट की गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। भारत में उपलब्ध जल का लगभग 80% हिस्सा कृषि क्षेत्र में इस्तेमाल किया जाता है। हालाँकि अभी भी कृषि योग्य भूमि का केवल 50% क्षेत्र ही सिंचित है और ज्यादातर हिस्से खुली सिंचाई पर आधारित होने के कारण इन की जल उपयोग दक्षता काफी कम (45-50%) है। ऐसे क्षेत्रों में जल उपयोग दक्षता बढाने की अपार संभावनाएं है जिससे जल की बचत कर सिंचित क्षेत्र को बढ़ाया जा सकता है। आधुनिक एव उपयुक्त तकनीकी का ज्ञान और उसके उपयोग से उचित जल का उन्नत प्रबंधन कर इस लक्ष्य की प्राप्ति की जा सकती है।

मुझे पूरी आशा है कि इस पत्रिका के माध्यम से उचित जल प्रबंधन के सम्यक ज्ञान और तकनीकियों की सूचना देश भर के किसानों तक पहुँच पाएगी साथ ही किसानों एवं स्कूली बच्चों के विचारों को भी पढने और समझने का अवसर मिलेगा।

मै इस पत्रिका से जुड़े लोगों के प्रयास की सराहना करते हुए पूरे जल प्रौद्योगिकी केंद्र को इस कार्य के लिए बधाई देती हूँ तथा इस पत्रिका की सफलता की कामना करती हूँ।

स्थान : नई -दिल्ली
दिनांक: 20-03-2024

(अनुपमा सिंह)
संयुक्त-निदेशक(शिक्षा) एवं अधिष्ठाता

दूरभाष Tel.: +91-11-25843382 (O): +91-8920154670
ईमेल Email: dean@iari.res.in (Official), imanupamasingh22@gmail.com, dean.iari@icar.gov.in

भा.कृ.अ.प. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली -110012
**ICAR - INDIAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE**
**NEW DELHI – 110012**

**डॉ. विश्वनाथन चिन्नुसामी**
**संयुक्त निदेशक ( अनुसंधान )**
**Dr. Viswanathan Chinnusamy**
**Joint Director (Research)**

Phone (off.) : 011-25843379
E-mail: jd_research@iari.res.in;
jointdirector.res@gmail.com;
v.chinnusamy@icar.gov.in



## संदेश

मुझे अत्यंत हर्ष है कि विश्व जल दिवस के अवसर पर **"जल सुरक्षा"** नामक पत्रिका का प्रकाशन हो रहा है। जलवायु परिवर्तन से जल संसाधन पर होने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए कृषि में उन्नत जल प्रबंधन तकनीकी अति आवश्यक है।जल के मितव्ययितापूर्ण उपयोग के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु हमारे वैज्ञानिकों एवं किसानों को 'पर ड्राप मोर क्रॉप' हेतु मिल जुल-कर काम करना होगा। आधुनिक तकनीकियों के प्रयोग से जल दक्षता में वृद्धि करने के लक्ष्य को पूरा करना होगा तथा निम्न गुणवत्ता वाले जल को प्रयोग में लाने की तकनीकियों को उपयोग में लाना होगा, साथ ही अपशिष्ट जल के पुन: उपयोग पर भी जोर देना होगा। ऐसी आशा की जाती है कि इस पत्रिका के माध्यम से आधुनिक और नई तकनीकों का ज्ञान जन-जन तक पहुंचेगी और लोग इसका लाभ उठा पाएंगे।

इस पत्रिका में विषय-वस्तु के विशेषज्ञ के ज्ञान के साथ साथ किसानों, बच्चो तथा अन्य नागरिकों के भी अनुभव, लेख, चित्र और कविताओं को भी समाहित किया जा रहा है जो कि बहुत ही सराहनीय एवं समावेशी पहल है। पत्रिका **"जल सुरक्षा"** के प्रवेशांक के प्रकाशन पर मैं जल प्रौद्योगिकी केंद्र के सभी लोगो को बधाई देता हूँ तथा इसकी सफलता की कामना करता हूँ।

विश्वनाथन 19/3/24

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 19-03-2024

**( विश्वनाथन चिन्नुसामी )**
संयुक्त निदेशक ( अनुसंधान )

भा.कृ.अनु.प.-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
नई दिल्ली-110 012 (भारत)
ICAR - INDIAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE
(A Deemed to be University Under Section 3 of UGC Act, 1956)
NEW DELHI-110 012 (India)

डॉ. रवीन्द्र पडारिया
संयुक्त निदेशक (प्रसार)
**Dr. Rabindra Padaria**
Joint Director (Extension)

Phone : 011-25842387 (O)
Mob. : 9968966766
E-mail : jd_extn@iari.res.in



## संदेश

मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है कि विश्व जल दिवस के शुभ अवसर पर **"जल सुरक्षा"** नामक एक महत्वपूर्ण पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। कृषि में जल संसाधन की महत्ता बहुत अधिक है। अभी भी बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ जल के अभाव में कृषि-कार्य प्रभावशाली रूप से नहीं हो पा रहा है। हमारे देश का लगभग आधा कृषि क्षेत्र अभी भी वर्षा- आधारित है, ऐसे में फ़सल की उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय दोगुनी करने के लिए जल दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ आधुनिक तकनीकियों के सम्यक प्रयोग की बहुत आवश्यकता है।

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को समझते हुए वर्षा जल को संरक्षित कर उसका सही मात्रा और उपयुक्त समय पर प्रयोग से फसलों को पर्याप्त जल प्रदान किया जा सकता है। हमारे किसान भाई आधुनिक एवं उपयुक्त तकनीकी और उचित परामर्श के साथ जल का उन्नत प्रबंधन कर सकते हैं।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस पत्रिका के माध्यम से जल प्रबंधन की तकनीकियों का सम्यक ज्ञान, विशेषज्ञों की राय, किसानों के संवाद तथा स्कूली बच्चों के विचारों को पढ़ने और साझा करने का मौका मिलेगा जो कि एक सराहनीय पहल होगी और इस तरह की लाभप्रद जानकारी हर गाँव, हर किसान तक पहुंच पायगी।

मैं जल प्रौद्योगिकी केंद्र के द्वारा इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इस पत्रिका की सफलता की कामना करता हूँ। ऐसा मेरा विश्वास है कि यह पत्रिका पूरे भारतवर्ष में जल संरक्षण हेतु जन चेतना फैलाएगी।

स्थान : नई -दिल्ली
दिनांक: 15-03-2024

(रवीन्द्र नाथ पडारिया)
**संयुक्त-निदेशक, कृषि प्रसार**

जल प्रौद्योगिकी केन्द्र
भा.कृ.अ.प.–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
नई दिल्ली–110012
WATER TECHNOLOGY CENTRE
ICAR-INDIAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE
NEW DELHI-110012

डॉ. पी. एस. ब्रह्मानंद
परियोजना निदेशक
Dr. P. S. Brahmanand
Project Director



# परियोजना निदेशक की कलम से..........

हमारा देश विश्व के अन्य सभी देशों की भांति ही वैश्विक जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से जूझ रहा है। विभिन्न प्रकार की आपदाओं की आवृत्ति और तीव्रता को ध्यान में रखें तो हम यह पाते हैं कि जल से संबन्धित विभिन्न विषयों में वैज्ञानिक सलाह और शोध आधारित क्रियाकलापों के कार्यान्वियन के द्वारा हम न केवल उन सभी समस्याओं का सफलता पूर्वक सामना कर सकने में सक्षम हैं वरन उन के निराकरण में भी सक्षम हैं। साथ ही उन समस्याओं जैसे; सूखा, बाढ़, भू-स्खलन, भू-अपरदन, गुणवत्ता ह्रास और अपशिष्ट जल में वृद्धि इत्यादि के होते हुये भी उन्नत जल प्रबंधन के द्वारा देश के गुणवत्तापूर्ण फ़सलोत्पादन में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दे सकते हैं। अर्थात कृषि क्षेत्रों में उन्नत जल प्रबंधन ही वैश्विक जलवायु प्रबंधन की कुंजी है।

जल जागरण को सुगमता से पूरे भारतवर्ष में पहुँचाने के भावना से प्रेरित होकर वैज्ञानिकों की सहमति से यह निर्णय लिया गया है कि केंद्र अपने शोध कार्यों को जन मानस से परिचित करवाने के लिए हर तीसरे माह राजभाषा में रचित आलेखों के माध्यम से एक पत्रिका में उन्नत शोध कार्यों की जानकारी देगा और इस के साथ-साथ किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु उन के द्वारा समय समय पर पूंछे वाले प्रश्नों का सम्यक उत्तर भी देगा। जिससे किसानों को सिंचन, जल प्रबंधन और जल निकास, भू-जल, भू—जल पुनर्भरण, सतही और भू जल की गुणवत्ता, अपशिष्ट जल के अनुप्रयोगों और फसल जल मांग का निर्धारण, सिंचाई की विधियों इत्यादि के बारे समग्र जानकारी पत्रिका के माध्यम से सुचारु रूप से दिया जा सके। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह पत्रिका अपने उद्देश्यों में पूर्णत: सफल सिद्ध होगी।

स्थान : नई -दिल्ली
दिनांक: 15-03-2024

(पी. एस. ब्रह्मानन्द)
**परियोजना निदेशक**

# जल प्रौद्योगिकी केंद्र

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद -
## भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
## नई दिल्ली -110012



# संपादकीय

शुद्ध, स्वच्छ, जल पृथ्वी पर उपलब्ध वस्तुतः अमृत ही है जो सभी प्राणियों के जीवन का आधार और जीवन की सर्वप्रथम मूलभूत आवश्यकता है। जल ही वह आदि तत्व है जिसके बिना जीवन की कल्पना करना निरर्थक एवं असंभव है। पृथ्वी पर उपलब्ध जल की समग्र मात्रा का मात्र 2.97 या 3.0 प्रतिशत जल ही शुद्ध एवं मीठा होने के कारण व्यवहारणीय है और इसकी त्वरित उपलब्धता की भी एक सीमा है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 94-97% समुद्री जल महासागरों में स्थित है। शेष 3-6% में सभी मीठे पानी के संसाधन स्थित हैं। इसका लगभग आधा हिस्सा बर्फ, ग्लेशियरों और हिमखंडों में जमा हुआ है, लगभग आधा भूमिगत जल के रूप में भूमिगत पाया जाता है और एक प्रतिशत का एक अंश (0.1% से कम) सतही जल है जो नदियों, झीलों, जलाशयों, वायुमंडल और सभी जीवित चीजों में पाया जाता है। वाष्पोत्सर्जन के द्वारा विभिन्न स्रोतों से सूर्य के प्रखर ताप से जो जल भाप बन कर वातावरण में प्रतिस्थापित होता है वह जल वर्षा द्वारा पृथ्वी की सतह पर पुनः लौट आता है। भूमि पर, इस जल का कुछ हिस्सा सतह के ऊपर से नदियों और झीलों में झीलों, जलाशयों और महासागरों में बह जाता है। शेष भूमि की सतह में घुसपैठ करता है और जल भ्रोतों में समा जाता है। कुछ पानी महासागरों से सीधे जलभरों में प्रवेश कर सकता है। पृथ्वी के आंतरिक भाग की ऊर्जा भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं को संचालित करती है जो भूजल के निर्माण, प्रवाह, भंडारण, संचलन और भण्डार को प्रभावित करती है। भूजल भूमि पर सतही जल का स्रोत हो सकता है और महासागरों में प्रवाहित हो सकता है।

वह अमृत्तुल्य स्वच्छ शुद्ध पेयजल ही है जिसकी आवश्यकता प्राणियों पशु पक्षियों एवं फसलों को समान रूप से विभिन्न परिमाणों में पड़ती है। समग्र शुद्ध जल की उपलब्धता ग्लेशियरों, नदियों, सरोवरों, झीलों तालाबों, विभिन्न प्रकार की अन्य जल संग्रहण संरचनाओं और भूजल में विभिन्न रूपों यथा ठोस द्रव्य और गैस वायु में उपस्थित जलवाष्प में होते हुए भी समग्र जल के परिवार में इसका स्थान मात्र 0.1% ही है. आज धरती पर हम मनुष्यों की संख्या लगभग 9 अरब हो चुकी है जो लगातार बढ़ती ही जा रही है। वहीं पर वैश्विक ऊष्मण और मनुष्य के दुष्कृत्यों के फलस्वरूप वातावरण परिवर्तन के कारण मूसलाधार वर्षा, बाढ़, अनावृष्टि, सूखा, चक्रवाती आंधियां और तूफान तथा इन से उत्पन्न होने वाली विभिन्न परिस्थितियों यथा मैदानी क्षेत्रों में घनघोर जल उत्प्लावन, नदियों के किनारों की भूमि का कटान, भूमि धसान और सरिता तीर अपरदन व पहाड़ों में भूस्खलन एवं उससे उत्पन्न होने

वाली विभिन्न विभीषिकायेँ मानव के जीवन की कठिनाइयों को लगातार बढ़ा ही रहे हैं। विगत कुछ वर्षों में वर्षा और अनावृष्टि की तीव्रता और बारंबारता में अपेक्षाकृत कुछ अधिक ही वृद्धि देखी जा रही है। वहीं पर गर्मियों के मौसम में बहुत से स्थानों पर जीव जंतुओं, मनुष्यों के पीने योग्य जल तथा सिंचन हेतु उपलब्ध जल की तीव्र कमी भी देखी जा रही है।

देश में आज कल की नई पीढ़ी की किंचित अज्ञानता के द्वारा जल के प्रति निराशापूर्ण आचरण, असहिष्णुतापूर्ण व्यवहार और जल प्रदूषण के सापेक्ष उदासीनता के कारण हमारे स्वच्छ और शुद्ध जल के स्रोत एवं संसाधन हैं वह भी प्रदूषित होकर अनुपयुक्त हो रहे हैं; तथा अशुद्ध जलपान के कारण क्या मनुष्य और क्या पशु-पक्षी, क्या भूमि और फसलें, क्या जलचर अर्थात हम सभी सभी अनेकों प्रकार के कष्ट और पीड़ा को भोगने के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। ऐसे में हमारा यह नैतिक व सामाजिक दायित्व भी हो जाता है कि जो ज्ञान साहित्य, शोध और विज्ञान के द्वारा हमें पीढ़ी दर पीढ़ी उपलब्ध हो पाया है उसे जनमानस तक उनकी मातृभाषा में प्रचारित एवं प्रसारित करके सभी को जल के बारे में संवेदना, संचेतना और सहिष्णुता प्रदान की जाए और जल संसाधन के संरक्षण व संवर्धन के साथ-साथ जल को प्रदूषित होने से बचाने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यों को संपादित करने के लिए उत्प्रेरित/आंदोलित भी किया जाए। इस महान उद्देश्य की प्राप्ति हेतु जल प्रौद्योगिकी केंद्र, भा. कृ. अनु. प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली -110012 (भारत), के द्वारा इस दिशा में उठाए गए एक प्रमुख कदम के रूप में यह त्रैमासिक पत्रिका विभिन्न माध्यमों से अपना योगदान करेगी। शोध आलेख विचारोत्तेजक लेख, कथा काहनियों, लघु-दीर्घ नई - पुरानी कविताओं, चित्रों, पेईटिंग्स और फोटोग्राफ्स के कार्यों के माध्यम से जल संरक्षण और और जल प्रबंधन तकनीकी ज्ञान सम्प्रेषण के द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों तथा विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, खेती के मजदूरों, किसानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों अर्थात सभी को उन्नत जल तकनीकी ज्ञान एवं संदेश पहुंचा सकें ताकि इसे सामान्य व्यवहर बनाया जा सके।

प्रथम प्रयास के रूप में **"जल सुरक्षा"** का प्रवेशांक आप सब के कर कमलों में देते हुए मुझे अत्यंत आनंद की अनुभूति हो रही है। आशा ही नहीं है मेरा पूर्ण विश्वास भी है कि इस महान यज्ञ में समिधा डालने वाला हमारा समेत प्रयास सफल हो कर शुभाशुभ फलदाई सिद्ध होगा। इसी अभिलाषा और आकांक्षा के साथ कि **"जल सुरक्षा"** को आपका प्यार व सहयोग हमें भविष्य में भी सदा सर्वदा प्राप्त होता रहेगा।

सस्नेह आपका स्नेहाकांक्षी

(अनिल कुमार मिश्र)
**मुख्य संपादक**

दिनांक: 15 मार्च 2024
स्थान: नई दिल्ली

# अनुक्रम


| क्र. सं. | आलेख | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | **भारतीय वैदिक साहित्य में जल विमर्श**<br>अनिल कुमार मिश्र | 1-7 |
| 2. | **आईओटी आधारित स्मार्ट सिंचाई प्रणाली**<br>मोनलिशा प्रमाणिक, मनोज ख़न्ना, विजय प्रजापति, सुषमा सुधीश्री और राजीव रंजन | 8-11 |
| 3. | **सिंचाई के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग**<br>विजय प्रजापति, मनोज खन्ना, मोनालिशा प्रमाणिक, सुसमा सुधिश्री, मान सिंह एवं पी एस ब्रह्मानंद | 12-14 |
| 4. | **भारतीय कृषि प्रक्षेत्रों पर उन्नत जल प्रबंधन की आवश्यकता : वर्तमान और भविष्य की चुनौतियों और उपलब्ध तकनीकी समाधानों का आंकलन**<br>अनिल कुमार मिश्र | 15-22 |
| 5. | **भारत में सतत भूजल संसाधन प्रबंधन: तकनीकी और नीति विकल्प**<br>एस.के. श्रीवास्तव और प्रभात किशोर | 23-25 |
| 6. | **उचित समय पर निश्चित सिंचाई सुविधा किसानों की आय दो गुना करने में सहायक**<br>बीरपाल सिंह | 26-29 |
| 7. | **मोटे अनाजों का बेहतर उत्पादन**<br>वीरेन्द्र कुमार, पी. एस. ब्रहमानंद एवं ए. के. मिश्रा | 30-36 |
| 8. | **मक्के की विभिन्न क़िस्मों में प्रकाश संश्लेषक संबंधी लक्षण और उपज पर सूखे के तनाव का प्रभाव**<br>नीता द्विवेदी, पी. एस. ब्रह्मानंद, अनिल कुमार मिश्र, रोसिन के. जी, बिपिन कुमार और सर्वेंद्र कुमार | 37-41 |
| 9. | **भारत के नहरी सिंचित क्षेत्रों में उन्त जल प्रबंधन : आधुनिकीकरण की आवश्यकता**<br>अमित कुमार, अनिल कुमार मिश्र, डी. के. सिंह और तृप्तीमायी सुना | 42-45 |
| 10. | **नदियों को आपस में जोड़ने का भारतीय कृषि पर प्रभाव**<br>तृप्तीमायी सुना, अनिल कुमार मिश्र, डी. के. सिंह, अमित कुमार और प्रदोष कुमार परमगुरु | 46-49 |
| 11. | **बागवानी फसलों में जलवायु स्मार्ट जल प्रबंधन**<br>तनुश्री साहू, सुनील कुमार, देबाशीष होता, मीनाक्षी बदु | 50-52 |
| 12. | **सिंचाई निर्धारण विधियाँ और उनका कृषि में उपयोग**<br>बिपिन कुमार , शालू , हिमानी बिष्ट , विजय प्रजापति, नीता दिवेदी और पी.एस. ब्रह्मनादं | 53-54 |
| 13. | **डिजिटल कृषि: स्मार्ट फार्मिंग का नया तरीका**<br>मोनालिशा प्रमाणिक, मनोज खन्ना, विजय प्रजापति, राजीव रंजन | 55-60 |
| 14. | **जल संबंधित प्रश्नोत्तरी**<br>पी.एस. ब्रह्मनादं | 61 |
| 15. | **जल और पौधे**<br>पी.एस. ब्रह्मनादं | 62 |
| 16. | **सिंचाई जल परीक्षण सूचना एवं सुझाव का प्रारुप**<br>धारा सिंह गुर्जर | 63 |
| 17. | **जल का वरदान**<br>शशिकान्त सिन्हा | 64 |

# भारतीय वैदिक साहित्य में जल विमर्श


## अनिल कुमार मिश्र


भारतीय वैदिक साहित्य के संस्कृत वाङ्मय को दो भागों में बांटा जा सकता है- वैदिक साहित्य तथा लौकिक साहित्य। छान्दोग्य उपनिषद तथा बौद्ध-ग्रंथों में पुराण को पंचम वेद कहा गया है। 'अथर्वसंहिता' के अनुसार ऋक्, साम, छन्द, पुराण तथा यजुः सब एक साथ आविर्भूत हुए। पुराण के संबंध में 'शतपथ' ब्राह्मण और 'बृहदारण्यक' उपनिषद में कहा गया है कि - 'जैसे गीली लकड़ी की आग से धुआं निकलता है, उसी प्रकार इस महाभूत से ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, इतिहास, पुराण, विद्या, उपनिषद, श्लोक, सूत्र, व्याख्यान निःश्वास रूप में उद्धृत हुए।' वेद सनातन धर्म के सर्वप्रामाणिक तथा प्राचीन ग्रंथ तो हैं ही, परंतु वेद को परिवर्धित करने वाला पुराण ही है। इसलिए इसे 'वेद का पूरक' भी कहा जाता है। वैदिक साहित्य और लौकिक साहित्य को जोड़ने की कड़ी 'पुराण साहित्य' है। भारतीय साहित्य में पुराणों को भी वेदों के समान ही प्राचीन बताया गया है। प्राचीन भक्ति ग्रंथों के रूप में पुराण का महत्व सर्वाधिक है। यह हिन्दुओं के धर्म संबंधी आख्यान ग्रंथ हैं, जिनमें विषयों की कोई सीमा नहीं है। इसमें ब्रह्माण्डविद्या, राजाओं, नायकों, देवी-देवताओं, ऋषि-मुनियों की वंशावली, लोक कथायें, तीर्थयात्रा, मन्दिर, चिकित्सा, खगोलशास्त्र, व्याकरण, खनिज विज्ञान, हास्य, प्रेमकथाओं आदि का वर्णन प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त पुराण में कल्पित कथाओं की विचित्रता और इसके रोचक वर्णन द्वारा सांप्रदायिक व साधारण उपदेश भी प्राप्त होते हैं। भारतीय सभ्यता तथा संस्कृति को जनसाधारण तक पहुंचाने का श्रेय इन्हीं पुराणों को जाता है। पुराणों का समय वेदकाल से प्रारम्भ होकर सोलहवीं शताब्दी के अंतिम कालखंड तक माना गया है। इस लेख में हम हमारे वेदों और उपवेदों में जल के महत्व और प्रकार के बारे में चर्चा करेंगे।

भारतीय वैदिक साहित्य में जल की महिमा का विशद वर्णन प्राप्त होता है। जिसका अर्थ है की हमारी सनातन धर्म और संस्कृति के प्रणेताओं को जल के महतत्व और उसके प्रबंधन का सम्पूर्ण और सम्यक ज्ञान अवश्य था, जिस का आज-कल की पीढ़ी के संस्कृत भाषा ज्ञान से अनभिज्ञ जन मानस को भान तक नहीं है। सृष्टि के प्रारंभ से ही प्राणियों के लिए जल का विशेष महत्व रहा है. हिंदू धर्म के आदिग्रंथों और पुराणों में भी जल के महत्व और निर्मल महिमा का वर्णन किया गया है। वैदिक साहित्य में सदैव यह माना गया है कि हमारा शरीर पंच महाभूतों अर्थात पंचतत्वों से बना है जिसमें एक तत्व जल भी है। ऋग्वेद का नदी सूक्त नदियों के संरक्षण एवं संवर्धन की कामना का संदेश देते हैं। प्राचीन भारतीय सभ्यता में 'जल ही जीवन है' का सिद्धांत प्रतिपादित किया गया है। आदिग्रंथ और पुराणों में जल की महिमा इस प्रकार से वर्णित है कि मनुष्य का शरीर मुख्य रूप से जल से बना है, जो लगभग 70% है। उपलब्ध आँकड़ों के अनुसार, पृथ्वी एकमात्र ऐसा ग्रह है जहाँ 70% जल है, लेकिन केवल थोड़ी मात्रा में ताज़ा जल है। यह एक अद्भुत कहावत है "जल ही जीवन है"। वेदों और उपवेदों में जल का सुन्दर वर्णन है। चूँकि जल अमृत और जीवन का स्रोत है, साथ ही मानव सभ्यता के लिए आवश्यक भी है, मानव जीवन, और हमारी अर्थव्यवस्था और कृषि के लिए, जल और उसके संरक्षण का भारतीय संस्कृति और लोकाचार में अनिवार्य रूप से केंद्रीय स्थान रहा है।

### वैदिक साहित्य में जल की उत्पत्ति का सिद्धांत

**"मित्रं हुवे पूतदक्षं वरुणं च रिशादसम्। धियं घृताचीं साधन्ता॥"**

**-ऋग्वेद,1/2/7**

इस मंत्र का भावानुवाद है कि- "घृत के समान प्राणप्रद वृष्टि सम्पन्न कराने वाले 'मित्र' और 'वरुण' देवों का हम आह्वान करते हैं। मित्र हमें बलशाली बनायें तथा वरुणदेव हमारे हिंसक शत्रुओ का नाश करें।" जलविज्ञान की अपेक्षा से इस मंत्र में मंत्रद्रष्टा ऋषि द्वारा यज्ञ का सम्पादन करते हुए कहा जा रहा है कि-"पदार्थों को पवित्र करने में दक्ष होने से 'मित्र' अर्थात् 'हाइड्रोजन' वायु को और रोग का भक्षण करने वाली और स्वास्थ्यप्रद होने से सबके लिए लाभकारी 'वरुण' अर्थात् 'आक्सीजन' वायु को मैं अपने पास बुलाता हूँ।" क्योंकि ये दोनों (घृताचीम् +धियम्) जल का निर्माण करने वाले देव हैं। आधुनिक जलविज्ञान की शब्दावली में कहें तो इस वैदिक ऋचा में वैदिक जल की उत्पत्ति का सिद्धांत बताया गया है और साथ ही उस जल की उत्पत्ति के लिए आधुनिक मानसून विज्ञान की मान्यता के अनुसार 'हाइड्रॉलोजिकल साइकल' यानी वृष्टिचक्र को धरती में जल उत्पत्ति का कारण


**जल प्रौद्योगिकी केंद्र**
**भा.कृ.अनु.प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली**
**ईमेल: dranilkumarmishra1@gmail.com**

माना गया है। पाश्चात्य विद्वान भी इस मंत्र की जल वैज्ञानिक और मानसून वैज्ञानिक व्याख्या से सहमत होते हुए कहते हैं कि वस्तुतः 'मित्र' अर्थात् सूर्य शुद्ध शक्ति का प्रतीक है और ' 'वरुण' 'शत्रु (रोगों) का भक्षक' कहा गया है और इस मंत्र में इन दोनों देवों का धरती पर जल बरसाने के प्रयोजन से ही संयुक्त रूप से आह्वान किया गया है। एक विद्वान् ने सायण भाष्य के आधार पर मंत्र की व्याख्या करते हुए यह स्पष्टीकरण भी किया है कि इन दोनों देवशक्तियों के संयुक्त प्रयास से ही वर्षा के द्वारा आकाश से पृथ्वी में जल का बहाव उत्पन्न होता है। मित्र अपने सामान्य अर्थ में, सूर्य का ही एक नाम है और जल पर वरुण का स्वामित्व माना जाता है। विल्सन ने यहां पर मित्र को सूर्य का विशेषण मानते हुए उसके द्वारा प्रत्यक्ष रूप से जल बहाने की प्रक्रिया माना है और वरुण वाष्पीकरण द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से वर्षा का कारण बताया गया है। इस प्रकार ऋग्वेद के इस मंत्र के अनुसार वायुमंडल में दो देवताओं 'मित्र' और 'वरुण' के संयुक्त प्रयासों के परिणाम स्वरूप ही वाष्प संघनित होने के बाद समुद्र का जल 'रिसाइकल' हो कर फिर से वर्षा जल के रूप में नीचे धरती पर अवतरित होता है। आधुनिक जलविज्ञान की शब्दावली में कहें तो इस वैदिक ऋचा में वैदिक जल की उत्पत्ति का सिद्धांत बताया गया है और साथ ही उस जल की उत्पत्ति के लिए आधुनिक मानसून विज्ञान की मान्यता के अनुसार 'हाइड्रॉलोजिकल साइकल' यानी वृष्टिचक्र को धरती में जल उत्पत्ति का कारण माना गया है।

ऋग्वेद में इस जल वैज्ञानिक तथ्य का उल्लेख है कि सूर्य ही जल को उत्पन्न करने वाला है। वह अपनी किरणों से जल को भाप बना कर,उसे बादल के रूप में बदल देता है। इस प्रकार बादल बरस कर फिर जल के रूप में धरती पर आ जाता है। ऋग्वेद के एक मंत्र में जल के ऊपर जाने और उसके बाद नीचे आकर पृथ्वी में वर्षा करने के सालाना जलचक्र का उल्लेख आया है, जिसे आधुनिक जलविज्ञान में 'हाइड्रोजिकिल साइकल' भी कहते हैं –

**"समानमेतदुदकमुच्चैत्यव चाहभिः.**
**भूमिं पर्जन्या जिन्वन्ति दिवं जिन्वन्त्यग्नयः॥"**

**– ऋग्वेद,1/164/51**

अर्थात् जो जल ग्रीष्म ऋतु में बहुत दिनों तक ऊपर की ओर जाता रहता है यानी सूर्य के ताप से कण कण होकर,वायु की सहायता से ऊपर उठकर और मेघ बनकर अन्तरिक्ष में ठहरता है। उसके बाद वही जल वर्षाकाल के आने पर नीचे भूमि पर बरसता है। इसी प्रक्रिया से मेघ भूमि को तृप्त करते हैं और अग्नि द्वारा बिजली आदि चमकाकर अन्तरिक्ष को भी तृप्त करते हैं। इस वैदिक मंत्र का आशय यह है कि यज्ञ आदि अनुष्ठानों द्वारा वर्षा होने से भूमि पर उत्पन्न जीव प्राण धारण करते हैं और अग्नि से अन्तरिक्ष, वायु, मेघ आदि की परिशुद्धि होती है। वैदिक मंत्रों में मानसूनी वर्षा के लिए सूर्यदेव का विशेष आभार प्रकट किया गया है क्योंकि जलों के केन्द्र में रहकर वाष्पीकरण करने,वृष्टि के सहायक वृक्ष-वनस्पतियों को पुष्ट बनाने तथा जल की वर्षा करके पृथ्वी को शस्य श्यामला बनाने में सूर्य की ही अहम भूमिका मानी गई है –

**"दिव्यं सुपर्णं वायसं बृहन्तमपां गर्भं दर्शतमोषधीनाम्।**
**अभीपतो वृष्टिभिस्तर्पयन्तंसरस्वन्तमवसे जोहवीमि॥"**

**– ऋग्वेद, 1.164.52**

**समस्त प्राणियों के जीवन धारण करने के लिए जल का महत्व**

प्राचीन भारतीय संस्कृति में जल को जीवन माना गया है-**"जलमेव जीवनम् अस्तु"** । अर्थात जल ही जीवन है। वेदों में जल को औषधीय गुणयुक्त कहा गया है। हमारे देश के प्राचीन वैदिक साहित्य में जल के स्रोतों, जल की गुणवत्ता तथा उसके संरक्षण के लिए बहुत अधिक बल दिया गया है। प्राचीन भारतीय संस्कृति में माना गया है कि ब्रह्मण्ड में जितने भी प्रकार का जल है उसका हमें सरंक्षण करना चाहिए। वेदों में कहा गया है कि वर्षा के होने से जल में प्रवाह आता है और नदी के रूप में जल प्रवाह को प्राप्त करता है। प्रवाह युक्त जल को हमारे संस्कृति में पवित्र माना गया है। तभी तो हमारी संस्कृति में नदियों को माता के समान तथा पूजनीय माना गया है। नदियों की पवित्रता के संबंध् में वैदिक साहित्य में कहा गया है कि ऐसी नदी जो पर्वत से निकल कर समुद्र तक प्रवाहित होती है वह पवित्र होती है। इस बात के माध्यम से वैदिक ऋषि हमें संदेश देना चाहते हैं कि नदियों के अबाध् प्रवाह को संरक्षित किया जाना चाहिए। नदियों को बहने देना चाहिए। ऋग्वेद के ऋषि का कथन है कि हे मनुष्यों! अमृत तुल्य तथा गुणकारी जल का सही प्रयोग करने वाले बनो। जल की प्रशंसा और स्तुति करने के लिए सदैव ही तैयार रहो-

**अप्स्वडन्तरमृतमप्सु भेषजमपामुत प्रशस्तये देवा भक्त वाजिनः।**

**- ऋग्वेद 1/23/19**

**वैदिक वाङ्ग्मय में वर्णित पांच प्रकार के प्राकृतिक जलस्रोत**

जलविज्ञान की दृष्टि से ऋग्वेद के एक मंत्र में जल प्राप्ति के पांच प्रमुख प्रकार बताए गए हैं-

**"या आपो दिव्य उत वा स्रवन्ति ,**
**खनित्रिमा उत वा याः स्वयंजाः।**

**समुद्रार्था याः शुचयः पावकास्ता ,**
**आपो देवीरिह मामवन्तु॥"**

**-ऋग्वेद,7/49/2**

**1- 'दिव्या आपः' – वर्षा से प्राप्त जल**
**2- 'स्रवन्त्यः आपः' – नदियों से प्राप्त जल**
**3- 'खनित्रिमा आपः' – खुदाई करके कुओं, बावडियों से प्राप्त जल**
**4- 'स्वयंजाः आपः' – स्वयं उत्पन्न झरनों का जल**
**5- 'समुद्रार्थाः आपः'– समुद्रों से प्राप्त जल** –

वैदिक कालीन जलविज्ञान के शोध और प्रायोगिक स्तर पर जल उपलब्धि की जैसे जैसे दिशाएं उद्घाटित होती गई जल के विविध प्रकारों की संख्या भी बढ़ती गई. यही कारण है कि अथर्ववेद (19/2) में जल के दस और यजुर्वेद (22/25) में ग्यारह भेदों का नामोल्लेख मिलता है । वैदिक कालीन कृषि व्यवस्था आज की तरह पूर्ण रूप से मानसूनों की वर्षा पर निर्भर थी. समय पर वर्षा न होने पर अकाल तथा सूखे से बचने के लिए वैदिक काल के किसानों ने पेय जल और सिंचाई के जल की आपूर्ति हेतु कृत्रिम जलसंचयन प्रणालियों जैसे नहरों, तालाबों, झरनों, कुओं आदि के निर्माण हेतु वैज्ञानिक तकनीक को सीख लिया था । शायद हमें या हमारे जलवैज्ञानिकों को कम ही मालूम होगा कि ऋग्वेद में कुएं, तालाब, जैसे जलाशय के लिए 'अवत' शब्द का प्रयोग बार बार आया है। इसी 'अवत' नामक कृत्रिम जलाशय में जल भण्डारण करके पेय जल और सिंचाई हेतु जल का उपयोग किया जाता था-

**"सिञ्चामहा अवतमुद्रिणं वयम्."**

**-ऋग्वेद,10/101/5**

जलाशय के लिए वैदिक 'सुवरत्रम्' शब्द का प्रयोग बताता है कि रस्सी की सहायता से कुओं में से जल निकाला जाता था-

**"इष्कृताहावमवतं सुवरत्रं सुषेचेनम्।"**

**ऋग्वेद,10/101/6**

**वैदिक कालीन कूपों के विविध प्रकार**

ऋग्वेद में सिंचाई हेतु प्रयोग में लाए जाने वाली अनेक जल संचयन प्रणालियों का भी उल्लेख मिलता है जिनमें–'कूचक्र' (10/102/11) तथा 'अश्मचक्र' (10/101/7) की पहचान आधुनिक ढेंकुल और पक्के कुएं के रूप में की जा सकती है। वैदिक काल की उपर्युक्त सभी जल संचयन सम्बन्धी संज्ञाओं के विषय में निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता है कि ये सभी नाम 'कूप' के ही पर्यायवाची हों। सम्भव है कि ये 'काट', 'खात', 'अवत', 'ऋश्यदात्' कुएं आदि न होकर कृत्रिम रूप से बनाए गए गड्ढे या खाइयां हों जिन्हें सरोवर या तालाब के निकट जल उलीचने के प्रयोग में लाया जाता होगा। ऐसी भी संभावना की जा सकती है कि ये उस समय के किसानों द्वारा ऊंचे ऊचे पहाड़ों की समतल भूमि में खोदी गई गहरी खाइयां हों जिनमें वर्षा के जल का भंडारण किया जाता होगा तथा पशुओं के जल पीने की व्यवस्था इन्हीं जलाशयों के माध्यम से की जाती होगी। ऋग्वेद में कूप इत्यादि विभिन्न जल संस्थानों के एक दर्जन के लगभग उल्लेख मिलते हैं जिनके नाम इस प्रकार थे – 'कूप' (1/105/17), 'कर्त' (2/34/6),'वव्र' (5/32/8), 'काट (1/106/6), 'खात' (4/50/3), 'अवत' (4/17/6), 'क्रिवि' (5/44/4), 'उत्स' (2/16/7),'कारोतर (1/116/7), 'ऋश्यदात् (10/39/8), 'केवट' (6/54/7) आदि।

वैदिक साहित्य में जल स्रोतों, जल के महत्व, उसकी गुणवत्ता एवं संरक्षण की बात बारबार की गई है। जल के औषधीय गुणों की चर्चा आयुर्वेद (जो एक वेदांग है) के अतिरिक्त ऋग्वेद एवं अथर्ववेद में भी मिलती है। भारतीय कृषिविज्ञान की महत्त्वपूर्ण रचना 'कृषिपाराशर' में तो यहाँ तक कहा गया है कि सम्पूर्ण कृषि का मूल कारण वर्षा ही है। वर्षा ही जन-जीवन का भी मूल है अतएव मौसम वैज्ञानिकों को वर्षा के पूर्वानुमान का ज्ञान होना बहुत आवशयक माना गया है –

**"वृष्टिमूला कृषिः सर्वा वृष्टिमूलं च जीवनम्.**
**तस्मादादौ प्रयत्नेन वृष्टिज्ञानं समाचरेत.."**

**– कृषिपाराशर, 2.1**

**वैदिक वाङ्मय में जल का धार्मिक महत्त्व**

भारतीय संस्कृति पूजा प्रधान है। यहाँ किसी भी कार्य का प्रारम्भ पूजा से होता है और प्रत्येक कार्य का विसर्जन भी पूजा से ही होता है। पूजा हेतु सर्वप्रथम, पवित्रीकरण की आवश्यकता होती है और पवित्रीकरण के लिए जल की आवश्यकता होती है। इसी प्रकार पूजा का विसर्जन, शान्ति - पाठ से होता है और शान्ति - पाठ में जब मंत्रों का उच्चारण किया जाता है, तो पवित्र जल का अभिसिंचन किया जाता है, इस प्रकार जल के बिना, किसी भी तरह की पूजा सम्भव नहीं है। हिंदू धर्म में जल का विशेष धार्मिक महत्व है। इसलिए किसी भी पूजा-पाठ के प्रारम्भ **में** ही सबसे पहले शुद्ध जल का छिड़काव कर शुद्धिकरण की जाती है और जल से भरा कलश स्थापित किया जाता है। हिंदू धर्म में नदी को भी मां तुल्य मानकर अराधना की जाती है। पूजा-पाठ के साथ ही कई मंत्र-श्लोक में भी जल का महत्व मिलता है। आदिग्रंथों और पुराणों में भी जल के महत्व का

वर्णन किया गया है। इतनी लंबी अवधि में भी पर्यावरण के प्रति पर्याप्त सजगता एवं जागरुकता का रुझान मिलता है। इसके अलावा इतिहास के पृष्ठों में दबे तमाम तथ्यों का उभारने पर पता चलता है कि इन दिनों भी पर्यावरण को कानूनी संरक्षण प्राप्त था।

**" इदमाप: प्र वहत यत् किं च दुरितं मयि**
**यद्वाहमभिदुद्रोह यद्वा शेष उतानृतम्॥"**

**- ऋग्वेद 10/ 2/ 8/**

हे जल देवता ! मुझसे जो भी पाप हुआ हो, उसे तुम दूर बहा दो अथवा मुझसे जो भी द्रोह हुआ हो, मेरे किसी कृत्य से किसी को पीड़ा हुई हो अथवा मैंने किसी को गालियाँ दी हों, अथवा असत्य भाषण किया हो, तो वह सब भी दूर बहा दो। जल में अखण्ड प्रवाह, दया, करुणा, उदारता, परोपकार और शीतलता, ये सभी गुण विद्यमान रहते हैं। मनुष्य कितना भी दुखी क्यों न हो, ठंडे जल से स्नान करते ही वह शान्त हो जाता है। जल ही जीवन है। जल मानव को पुण्य - कर्म करने की प्रेरणा देता है।

**वैदिक परंपराओं में जल संरक्षण का महत्व**

हमारी वैदिक परंपराओं में जल संरक्षण का विशेष महत्व है। सभी नदियों के जल को पवित्रतम मानते हुये नदियों को माता गंगा, माता यमुना और कई अन्य नामों से भी पूजा जाता है। इसी कारण नदियों के जल को सर्वाधिक संरक्षणीय भी माना गया है क्योंकि वे कृषि क्षेत्र को सींचती है जिससे प्राणिमात्र का जीवन चलता है। नदियों का बहता जल शुभ माना गया है। वेद में मानव जीवन को 'कृषि - जीवन' कहा गया है और इसीलिए, जलश्रोतों से हमारा रागात्मक सम्बन्ध रहा है । नदियों को हमने, देवी - स्वरूपा, माता की संज्ञा से अभिहित किया है । 'ऋग्वेद' की इस ऋचा में 'सरस्वती' नदी की महिमा गाई गई है -

**" अम्बितमे नदीतमे देवितमे सरस्वति ।**
**अप्रशस्ता इव स्मसि प्रशस्तिमंब नस्कृधि ।। "**

**-ऋग्वेद / 2/8/14**

हे सर्वोत्तम माते सरस्वती ! तू सर्वोत्तम नदी के समान है । जिन नदियों का प्रवाह प्रकट है, वे गंगा - यमुना जैसी, श्रेष्ठ नदियाँ हैं, परन्तु तेरा प्रवाह गुप्त है, इसलिए तू श्रेष्ठतम है । तू सभी देवताओं में श्रेष्ठ, आलोक प्रदाता है । हमारा जीवन अप्रशस्त जैसा बन गया है । हे माता ! तू उसे प्रशस्त कर । हम उपेक्षित हैं, निन्दित हैं । हे माता ! तू हमारा पथ प्रशस्त कर । इसलिए नदियों के जल को कभी भी किसी पकार से प्रदूषित नहीं करना चाहिए।

नदियां जल का वहन करती हुई, सभी प्राणिमात्र को तृप्त करती हैं। भोजनादि प्रदान करती हैं। आनन्द को बढ़ाती हैं। जल संरक्षण पर बल देते हुए ऋग्वेद में कहा गया है कि जल हमारी माता जैसे है। जल घृत के समान हमें शक्तिशाली और उत्तम बनाये। इस तरह के जल जिस रूप में जहां कहीं भी हो वे रक्षा करने योग्य हैं.अथर्ववेद में सप्तसैन्ध्व नदियों का उल्लेख मिलता है। ये सात नदियां निम्न है- 1. सिंधु नदी, 2. विपाशा या व्यास नदी, 3. शतुद्रि या सतलज नदी, 4. वितस्ता या झेलम नदी, 5. असिक्की या चेन्नब अथवा चिनाब नदी और सबसे महान सबसे पवित्र 6. सरस्वती नदी (यह नदी आज कल विलुप्त हो चुकी है)।

**आपो अस्मान्मातरः शुन्ध्यन्तु घृतेन ना घृत्प्वः पुनन्तु।**
**- ऋग्वेद 10.17.10**

ऋग्वेद में इन नदियों को माता के समान सम्मान दिया गया है-

**ता अस्मश्यं पमसा पिन्वमाना शिवादेवीरशिवद।**
**भवन्त सर्वा नध्: अशिमिहा भवन्तु।**

**-ऋग्वेद 7/50/4**

जल संरक्षण के लिए वेदों में वर्षा जल तथा बहते हुए जल के विषय में कहा गया है कि हे मनुष्य! वर्षा जल तथा अन्य स्रोतों से निकलने वाला जल जैसे कुएं, बावडियां आदि तथा फैले हुए जल तालाब आदि के जल में बहुत पोषण होता है। इस बात को तुम्हें जानना चाहिए तथा इस प्रकार के पोषक युक्त जल का प्रयोग करके वेगवान और शक्तिमान बनना चाहिए-

**अपामहं दिव्यानामपां स्रोतस्यानाम्**
**अपामह प्रण्जनेदश्वा भवय वाजिनः।**

**-अथर्ववेद 19/1/4**

अर्थात वर्षा के जल को संरक्षित करना चाहिए क्योंकि यह सर्वाध्कि शुद्ध जल होता है। इस विषय में अथर्ववेद में कहा गया है कि-वर्षा का जल हमारे लिए कल्याणकारी है-

**शिवा नः सन्तु वार्षिकीः।**

**-अथर्ववेद 1/6/4**

**वैदिक काल में जल प्रबंधन**

प्राचीन भारतीय वैदिक संस्कृति के अध्ययन से ज्ञात होता है कि वैदिक काल में जल प्रबंधन का कार्य वृहत् एवं अति उत्तम विधियों से किया जाता था। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जल की उत्पत्ति ‘नर’ (पुरूशत्रपरब्रह्र) से हुई है। अतः उसका प्राचीन नाम ‘नार’ है। वह (नर) ‘नार’ में ही निवास करता है। अतः उस नर को नारायण कहते है । विष्णु पुराण के अनुसार संसार के सृष्टि-

कर्ता ब्रह्मा का सबसे पहला नाम 'नारायण' है तथा दूसरे शब्दों में भगवान का जलमय रूप ही संसार की उत्पत्ति का कारण है। 'जल ही जीवन है' इसीलिए जल की बर्बादी को रोकना, समुचित जल प्रबंधन का कार्य पर्याप्त मात्रा में करना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। प्रस्तुत शोध पत्र में वैदिक काल में किये गये जल प्रबंधन के कार्यो की व्याख्या है। मनुष्य इस सर्व सिद्ध सूत्र को पूर्णतः भुला बैठा है कि जल नहीं तो जीव या जीवन कुछ नही होगा; जबकि भारत देश में आज भी यत्र-तत्र वैदिक काल की जल संरक्षण और संभरण की विभिन्न व्यवस्थायें देखी जा सकती हैं और उन्हीं आयामों को अल्प परिवर्तनों के साथ अपना कर वर्तमान पर्यावरणीय समस्याओं से मुक्ति पायी जा सकती है। वैदिक काल में जल प्रबंधन का कार्य प्राकृतिक और कृत्रिम दोनों ही स्रोत से करते थे। अतः वैदिक काल के जल प्रबंधन की आचार संहिता एवं उसके क्रियान्वयन के तौर तरीकों की खोज का अध्ययन करना भी आवश्यक हो जाता है। वास्तव में किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था की धुरी पेय जल एवं सिंचाई प्रबंधन होता है जो कि जल प्रबंधन की मूलभूत विषय वस्तु है, क्योंकि इस पर ही कृषि, औद्योगिक एवं तकनीकी प्रगति निर्भर करती है।

सिंधु घाटी सभ्यता के युग में वैदिक काल के लोगों की जीवनशैली ने पर्यावरण प्रेम को पूर्ण रूपेण दर्शाया है। वे विशेष रूप से वृक्ष पूजा करते थे। आर्यों और द्रविड़ों के द्वारा प्रारम्भ की गई यह प्रक्रिया एवं परंपरा बाद में भी जीवित रही। चंद्रगुप्त मौर्य के समय वन की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता था। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में अभ्यारण्यों की पांच श्रेणियां होती थी। सम्राट अशोक के शासनकाल में सर्वप्रथम वन्य जीवों के संरक्षण हेतु नियम बनाए गए थे। इसके पश्चात् भी यह कार्य अनवरत रूप से चलता रहा। जब वेदों के अर्थ सामान्य जन के लिए कठिन प्रतीत होने लगे तब वेदों के सुलभ अर्थ ज्ञान के लिए वेदाङ्गों एवं पुराणों की रचना की गई। पुराण भारतीय साहित्य का गौरव ग्रंथ है। प्राचीन विद्वानों का मानना है कि यदि कोई द्विज चारों वेदों तथा उनके अंगों-उपनिषदों को भले अच्छा ज्ञाता है, यदि वह पुराण का अध्ययन नहीं करता, तो वह व्यक्ति विलक्षण-चतुर तथा शास्त्र कुशल नहीं हो सकता। चरक संहिता में आचार्य चरक ने भू जल की गुणवत्ता पर चर्चा भी की है। जल को प्रदूषित होने से बचाना चाहिए तथा हमारे प्रयास इस तरह से रहें कि जल प्रदूषित न करें। इस विषय में यजुर्वेद में कहा गया है कि जल को नष्ट मत करो-

**"मा आपो हिंसी।य् मा आपो हिंसी।**

**-यजुर्वेद 6.22**

यहां पर यजुर्वेद के प्रणेता ऋषि हमें आदेश देते हुये कहते हैं कि जल को कभी भी अनावश्यक मान कर नष्ट मत करो। यह अमूल्य निधि है। अथर्ववेद में नौ प्रकार के जलों का उल्लेख किया गया है- ; परिचरा आप -प्राकृतिक झरनों से बहने वाला जल; हेमवती आपः -हिमयुक्त पर्वतों से बहने वाला जल; वर्ष्या आपः -वर्षा जल; सनिष्यदा आपः -तेज गति से बहता हुआ जल; अनूप्पा आपः - अनूप देश का जल अर्थात् ऐसे प्रदेश का जल जहां पर दलदल अधिक हो; ध्वन्या आपः - मरुभूमि का जल; कुम्भेभिरावृता आपः - आपः घड़ों में स्थित जल ; अनभ्रयः आपः –किसी यंत्र से खोदकर निकाला गया जल, जैसे-कुएं का; उत्सया आपः - स्रोत का जल, जैसे-तालाबादि।

### वैदिक - वांग्मय में जल के औषधीय महत्त्व

वैदिक - वांग्मय में जल के महत्त्व को सर्वात्मना स्वीकार किया गया है और जल की गरिमा - महिमा का बखान, श्रुतियों में सर्वत्र किया गया है।

**"रूपरसस्पर्शवत्य आपोद्रवा: स्निग्धा:॥2॥"**

वैशेषिक दर्शन, द्वितीय अध्याय, प्र.आ. जल तत्व में रूप , रस और स्पर्श, इन तीन गुणों का समावेश है। जल, स्निग्ध होने के साथ - साथ प्रवाहित भी होता है। प्रगट स्वरूप होने के कारण जल रूपवान भी है। जल को मुख में डालने पर, शीतल, गर्म, खारा एवं मधुर आदि का, रसास्वादन होने से, यह रस है। जल का स्पर्श करने पर, उसके शीत और उष्ण होने का पता चलता है इसलिए जल, स्पर्श गुण से सम्पन्न है और अग्नि तथा वायु के गुणों का सम्मिश्रण भी है। जल का उपयोग चिकित्सा के लिए भी किया जाता रहा है, जैसा कि " यजुर्वेद " में कहा गया है -

**" युष्माऽइन्द्रोऽवृणीत वृत्रतूर्य्ये यूयमिन्द्रमवृणीध्वं**
**वृत्रतूर्य्ये प्रोक्षिता स्थ। अग्नये त्वा जुष्टं**
**प्रोक्षाम्यग्नीषोमाभ्यां त्वा जुष्टं प्रोक्षामि।**
**दैव्याय कर्मणे शुन्धध्वं देवयज्यायै यद्वोऽशुध्दा:**
**पराजघ्नुरिदं वस्तच्छु न्धामि॥13॥"**

यजुर्वेद प्रथम अध्याय में प्रतिपादन किया गया है कि जैसे यह सूर्यलोक, मेघ के वध के लिए, जल को स्वीकार करता है, जैसे जल, वायु को स्वीकार करते हैं, वैसे ही हे मनुष्यों ! तुम लोग उन जल औषधि - रसों को शुद्ध करने के लिए, मेघ के शीघ्र - वेग में, लौकिक पदार्थों का अभिसिंचन करने वाले, जल को स्वीकार करो और जैसे वे जल शुद्ध होते हैं, वैसे ही तुम भी शुद्ध हो जाओ। भगवान ने सूर्य एवं अग्नि की रचना इसलिए की, कि वे सभी पदार्थों में प्रवेश कर उनके रस एवं जल को तितर - बितर कर दें ताकि वह पुन: वायुमंडल

में जाकर और वर्षा के रूप में फिर धरती पर आ कर सबको शुचिता और सुख प्रदान कर सके।

**"आपोऽस्मान् मातरः शुन्धयन्तु घृतेन नो घृतप्व: पुनन्तु।**
**विश्व हि रिप्रं प्रवहन्ति देवीरुदिदाभ्य: शुचिरा पूतऽएमि।**
**दीक्षातपसोस्तनूरसि तां त्वा शिवा शग्मां परिदधे भद्रं वर्णम पुष्यन्।"**

**- यजुर्वेद, 4/2**

यजुर्वेद में कहा गया है कि मनुष्य को चाहिए कि जो सब सुखों को देने वाला, प्राणों को धारण करने वाला तथा माता के समान, पालन - पोषण करने वाला जो जल है, उससे शुचिता को प्राप्त कर, जल का शोधन करने के पश्चात ही, उसका उपयोग करना चाहिए, जिससे देह को सुंदर वर्ण, रोग - मुक्त देह प्राप्त कर सके। अनवरत उपक्रम सहित, धार्मिक अनुष्ठान करते हुए, अपने पुरुषार्थ से आनंद की प्राप्ति हो सके । वैदिक ऋषियों ने वैज्ञानिकों की तरह जल एवं वायु को प्रदूषण - मुक्त करने की बात कही है। यजुर्वेद में उन्होंने यह परामर्श भी दिया है कि हम वर्षा - जल को भी, किस प्रकार औषधीय गुणों से परिपूर्ण कर सकते हैं ।

**" अपो देवीरुपसृज मधुमतीरयक्ष्मार्य प्रजाभ्य: ।**
**तासामास्थानादुज्जिहतामोषधय: सुपिप्पला: । । "**

**-यजुर्वेद / 11/38**

वैदिक ऋषियों का जीवन एक प्रयोग- शाला थी। उन्होंने चिन्तन, मनन और निदिध्यासन से जो उपलब्धि हासिल की , उसे जन- कल्याण हेतु समर्पित कर दिया।

**"अपामह दिव्यानामपां स्त्रोतस्यानाम् ।**
**अपामह प्रणेजनेऽश्वा भवथ वाजिन: ॥"**

**-अथर्ववेद / 19 / 4**

अथर्वेद में प्रतिपादित किया गया है कि हर राजा के पास दो तरह के वैद्य होना चाहिए। एक वैद्य, सुगन्धित पदार्थों के होम से, वायु, वर्षा - जल एवं औषधियों को शुद्ध करे। दूसरा श्रेष्ठ विद्वान्, वैद्य बनकर, प्राणियों को रोग -रहित रखे , "सर्वे भवन्तु सुखिन:" हमारा आदर्श है और इस आदर्श के निर्वाह के लिए इन दोनों दायित्वों का निर्वाह अनिवार्य है ।

**" यस्यां समुद्र उत सिन्धुरापो यस्यामन्नं कृष्टय: संबभूवु:।**
**यस्यामिदं जिन्वति प्राणदेजत् सा नो भूमि: पूर्व पेये दधातु।। "**

**-अथर्ववेद / 12/ 3**

सागर, नदी, कुआँ और वर्षा का जल तथा कृषि कार्य आदि से, जो मनुष्य, नाव, जहाज कला - यंत्र आदि का, विधेयात्मक प्रयोग करता है, वह सबको आनन्द प्रदान करता है। ऐसा व्यक्ति स्वत: भी श्रेष्ठ पद को प्राप्त करता है ।

**"शं त आपो हैमवती: शमु ते सन्तूत्स्या:।**
**शं ते सनिष्पदा आप: शमु ते सन्तु वर्ष्या:।। "**

**-अथर्ववेद/ 19 / 1**

मनुष्य को चाहिए कि वह वर्षा, कुऑ, नदी और सागर के जल को, अपने खान-पान, खेती और शिल्प- कला आदि के लिए उपयोग करे एवम् अपने जीवन को सम्पूर्ण बनाए और चारों पुरुषार्थों को प्राप्त करे।

**"अनभ्रय: खनमाना विप्रा गम्भीरे अंपस:।"**
**भिषग्भ्यो भिषक्तरा आपो अच्छा वदामसि।।"**

**-अथर्ववेद/19 /3**

विद्वान्, जिज्ञासु, वैद आदि तपस्वी साधक, अनेक तरह के रोगों में, जल के प्रयोग के द्वारा, जल के अनन्त गुणों की आपस में व्याख्या करें और समाज के हित में उसका भरपूर उपयोग करें। जल - चिकित्सा बहुत ही प्रभावी चिकित्सा पद्धति है, समस्त रोगों का निदान इससे सम्भव है। मनुष्य को चाहिये कि वह सागर, वर्षा, नदी, सरोवर आदि के जल को आवश्यकतानुसार चिकित्सा मे उपयोग कर के खेती के संसाधन की तरह, जल का प्रयोग करके, निरोग, वेगवान, प्रखर, एवम् बलशाली बने और समाज के हित में अपनी प्रतिभा एवम् अपने बल का समुचित उपयोग कर सके ।

**"ता अप: शिवा अपोऽय मं करणीरप: ।**
**यथैव तप्यते मयस्तास्त आ दत्त भेषजी:।।"**

**-अथर्ववेद / 19/5**

जल की महत्ता के विषय में , मैं इतना ही निवेदन करना अभीषट समझता हूँ कि " जल है तो कल है " इस बात को हमारे पूर्वज, भली - भांति जानते थे और यही कारण है कि उन्होने, जल की महिमा का बखान , वेद- वांग्मय एवम् सभी धर्म- ग्रंथों में किया है। हमें जल बचाने का उपक्रम करना चाहिये। जल के महत्व को समझ कर, सावधानी - पूर्वक उसका उपयोग करना चाहिये ताकि हम अपनी भावी पीढी के लिए जल बचा कर रखें, जैसे हमारे पूर्वज हमारे लिए, जल का विशाल भंडार छोड़ कर गए हैं।

**“मायो मौष घीहि ऊं सीर्घाम्नो: घाम्नो राजस्त्तो वरूण नो मुंचा।” -यजुर्वेद 6/22**

अर्थात हे राजन, आप अपने राज्य के स्थानों में जल और वनस्पतियों को हानि न पहुँचाओ, ऐसा उद्यम करो जिससे हम सभी को जल एवं वनस्पतियाँ सत्त रूप से प्राप्त होती रहे। उपरोक्त मंत्र ऐसे अनेक मंत्रों में एक है जिनमें जल संरक्षण एवं जल की महत्ता की बात की गई है। वैदिक

संहिताओं में विभिन्न देवताओं को सम्बोधित प्रार्थनापरक मंत्रों में भी आधुनिक जलविज्ञान और मानसून विज्ञान से सम्बन्धित अनेक ऐसी मान्यताएं और अवधारणाएं आई हैं जिन्हें आधुनिक विज्ञान की दृष्टि से भी बहुत उपयोगी और प्रासंगिक कहा जा सकता है।

भारतीय वैदिक साहित्य के प्रणेता ऋषि-मुनि जल के महत्त्व और गुणों से सर्वथा न केवल परिचित ही थे वरन वे यह भी जानते थे थे कि जल का व्यवहार किस प्रकार किया जाना है और जल की गुणवत्ता को किस प्रकार से सुनिश्चित किया जा सकता है इसी लिए उन्होने जल को अमृत की संज्ञा प्रदान की है। जल वृष्टि के देवता इंद्र और जल संरक्षण के देवता वरुण हैं। इन की स्तुति करने के लिए अनेकों श्लोकों की रचना के गई है। आदि ग्रंथ और उत्तरोत्तर सभी ग्रन्थों में जल की महिमा का वर्णन और उस की स्तुति की गई है। अर्थात अनादि काल से जल हमारी धार्मिक और साहित्यिक संचेतना का केंद्र विंदु रहा है। इस कारण आज भी हमारा जल ज्ञान प्राचीन ऋषियों के ज्ञान से अधिक भिन्न नहीं है। अस्तु आज पुनः हम सभी पृथ्वी वासियों से जल को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाने अथवा संदूषित करने से बचाने की प्रार्थना करते हैं। जल  की शुद्धता बनाए रखने, यथा संभव जल को संग्रहीत करने, जल के स्रोतों का संरक्षण और संवर्धन करने की प्रार्थना करते हैं ताकि प्राण तत्व के रूप में भविष्य में जल से संबन्धित किसी भी विभीषिका से मानव मात्र को बचाय जा सके इसी में हम सभी का कल्याण निहित है और भविष्य में आने वाली पीढ़ियों का सौभाग्य भी हमारे आज के सत्कर्मों का ही फल होगा।

***

# आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) आधारित स्मार्ट सिंचाई प्रणाली

**मोनलिशा प्रमाणिक, मनोज ख़न्ना, विजय प्रजापति, सुषमा सुधीश्री और राजीव रंजन**

आधुनिक तकनीकी के विकास ने कृषि क्षेत्र में भी अनेक बदलाव लाए हैं। आईओटी एक ऐसी तकनीक है जिसने कृषि क्षेत्र में भी अद्वितीय सुविधाएँ प्रदान की हैं। आईओटी की मदद से स्मार्ट सिंचाई प्रणालियों का विकास किया गया है जिनसे किसान अपने खेतों की सिंचाई को स्मार्ट और अद्वितीय तरीके से नियंत्रित कर सकते हैं। इस लेख में हम आईओटी आधारित स्मार्ट सिंचाई प्रणाली पर चर्चा करेंगे, जिससे कृषि उत्पादन में सुधार हो सके और पानी की बचत हो सके।

**आईओटी और उसका महत्व:**

आईओटी का मतलब होता है इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), जिसका मुख्य उद्देश्य विभिन्न उपकरणों को इंटरनेट से जोड़कर उन्हें डेटा स्वतंत्र और विशिष्ट कार्रवाई की क्षमता प्रदान करना होता है। इसका कृषि में भी विशेष योगदान है, क्योंकि आईओटी की मदद से किसान अपने खेतों की सिंचाई को स्मार्ट रूप से नियंत्रित कर सकते हैं।

**स्मार्ट सिंचाई का महत्व**

सिंचाई एक महत्वपूर्ण कृषि क्रिया है जिसका सीधा असर उत्पादकता पर पड़ता है। भूमि की नमी के आधार पर सिंचाई करने से पौधों का विकास बेहतर होता है और उत्पादकता में वृद्धि होती है। इसके साथ ही, पानी की सही मात्रा में उपयोग करने से पानी की बचत होती है जो पर्यावरण के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**आईओटी आधारित स्मार्ट सिंचाई प्रणाली के संचालन सिद्धांत**

आईओटी आधारित स्मार्ट सिंचाई प्रणाली में विभिन्न तरह के सेंसर्स और उपकरण इस्तेमाल होते हैं जिनसे खेतों की स्थिति को मॉनिटर किया जा सकता है। इन सेंसर्स की मदद से खेतों की भूमि की नमी, वायुमंडलीय, पौधों की स्थिति आदि को मॉनिटर किया जा सकता है। यह डेटा सेंट्रल यूनिट में जाता है जो डेटा को प्रोसेस करता है और उसके आधार पर सिंचाई की आवश्यकता का निर्णय लेता है।

**जल प्रौद्योगिकी केंद्र**
**भा.कृ.अनु.प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली**
**ईमेल : monalishapramanik@gmail.com**

**आईओटी आधारित स्मार्ट सिंचाई प्रणाली के लाभ:**

- समय और पानी की बचत: इस प्रणाली की मदद से किसान सिंचाई को समय पर और सही मात्रा में कर सकते हैं, जिससे पानी की बचत होती है और खेतों की उत्पादकता में सुधार होता है।
- अधिक उत्पादकता: स्मार्ट सिंचाई की मदद से पौधों का विकास बेहतर होता है, जिससे उत्पादकता में वृद्धि होती है।
- बेहतर संसाधन प्रबंधन: आईओटी के उपयोग से सिंचाई की मात्रा को नियंत्रित करने के साथ ही संसाधनों का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है।
- पर्यावरण संरक्षण: सही मात्रा में पानी का उपयोग करने से पानी की बचत होती है, जो पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**आईओटी आधारित स्मार्ट सिंचाई प्रणाली की चुनौतियाँ:**

आईओटी आधारित स्मार्ट सिंचाई प्रणाली में कई चुनौतियाँ हो सकती हैं, जो निम्नलिखित हैं:

- **सुरक्षा:** स्मार्ट सिंचाई प्रणाली डेटा को इंटरनेट के माध्यम से संचालित करती है, और इसलिए सुरक्षा के मामले में बहुत महत्वपूर्ण है। साइबर हमलों से सिंचाई प्रणाली को सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।
- **डेटा प्रबंधन:** बड़े मात्रा में जल संचालन डेटा को सहेजने, प्रोसेस करने, और व्यवस्थित करने के लिए काफी महंगा हो सकता है। इसे सही तरीके से प्रबंधित करना और सहेजना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।
- **संचालन और नियंत्रण:** स्मार्ट सिंचाई प्रणाली को दूरस्थ स्थान से नियंत्रित करने की अनुमति देती है, लेकिन इसका मतलब है कि यह संचालन के लिए आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर की भी आवश्यकता है, और इसका सवाल बनता है कि कैसे इसकी निगरानी और सुरक्षा को सुनिश्चित किया जाए।

- **शक्ति संचालन:** स्मार्ट सिंचाई प्रणाली के लिए सही से पावर सप्लाई करना और शक्ति की मन्यता इसकी सही संचालन के लिए महत्वपूर्ण है, और यह चुनौतीपूर्ण हो सकता है, खासकर जगहों पर जो बिजली की कमी के साथ हैं।
- **प्राइवेसी:** स्मार्ट सिंचाई प्रणाली डेटा को इंटरनेट के माध्यम से संचालित कर सकती है, जिससे प्राइवेसी के मामले में चुनौती आ सकती है। उपयोगकर्ताओं के डेटा की सुरक्षा और प्राइवेसी का सही तरीके से सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है।
- **तकनीकी ज्ञान की कमी:** स्मार्ट सिंचाई प्रणाली को चलाने और सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी ज्ञान की आवश्यकता होती है, और कुछ जगहों पर यह ज्ञान की कमी हो सकती है।
- **तंत्रिका समस्याएँ:** बारिश, तूफान, बाढ़, और अन्य प्राकृतिक आपदाएं स्मार्ट सिंचाई प्रणाली को प्रभावित कर सकती हैं, और तंत्रिका समस्याओं की ज़रूरत होती है जैसे कि उपयोगकर्ता को आधारित जल संचालन प्रणाली में बग्स या तकनीकी खराबी।
- **लागत:** स्मार्ट सिंचाई प्रणाली के इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना और शुरू करने की लागत महंगी हो सकती है, और इसका पर्यापन वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता को सामने लाता है।
- **तकनीकी चुनौतियाँ:** आईओटी के प्रदान की जाने वाली तकनीकी सुविधाएँ किसानों के लिए नए होती हैं, जिनका सही तरीके से इस्तेमाल करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है । इन चुनौतियों का समाधान तकनीकी, सुरक्षा, और नीतिगत माध्यमों से किया जा सकता है, और स्मार्ट सिंचाई प्रणाली को सुरक्षित, सुविधाजनक, और लाभकारी बनाने में मदद कर सकता है।

आईओटी आधारित स्मार्ट सिंचाई प्रणाली एक उन्नत और प्रभावी तरीका है खेतों की सिंचाई को स्मार्ट तरीके से नियंत्रित करने के लिए। इसके द्वारा किसान अपने खेतों की सिंचाई को समय पर और सही मात्रा में कर सकते हैं, जिससे पौधों का विकास बेहतर होता है और पानी की बचत होती है। हालांकि, इसके इस्तेमाल में कुछ चुनौतियाँ भी हो सकती हैं जो कि सही तरीके से पार की जा सकती हैं। इसलिए, उचित शिक्षा और तकनीकी समर्थन के साथ आईओटी सिंचाई प्रणाली का सफलतापूर्ण इस्तेमाल किया जा सकता है।

### आईओटी (IoT) आधारित ड्रिप सिंचाई प्रणाली

कृषि क्षेत्र में सिंचाई का महत्वपूर्ण स्थान है, और यह पौधों के विकास और उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है। ड्रिप सिंचाई प्रणालियों में पानी को पौधों के नीचे सीधे पहुंचाया जाता है, जिससे पानी का अपशिष्ट होने की कम संभावना होता है और यह प्राकृतिक वातावरण को बचाने में मदद करता है। इसके अलावा, ड्रिप सिंचाई से पानी की बचत होती है, क्योंकि पानी केवल ज़रूरत के हिसाब से पौधों को पहुँचता है, और इससे सिंचाई के लिए कम पानी की आवश्यकता होती है।

आईओटी के आगमन ने कृषि सेक्टर में भी एक महत्वपूर्ण परिवर्तन की दिशा में कदम रखा है। ड्रिप सिंचाई के लिए आईओटी आधारित स्मार्ट प्रणाली एक बड़ी सफलता है। इस प्रणाली में, सेंसर्स और एक्ट्यूएटर्स का उपयोग किया जाता है जो कृषकों को उनकी खेतों की स्थिति को देखने और नियंत्रित करने की सुविधा प्रदान करते हैं ।

### आईओटी आधारित ड्रिप सिंचाई प्रणाली का संचालन

- **सेंसिंग और डेटा संग्रहण:** स्मार्ट ड्रिप सिंचाई प्रणाली के हिस्से के रूप में सेंसर्स लगे जाते हैं जो खेत में मौसम और भूमि की नमी को मापते हैं। यह सेंसर्स डेटा को डेटा स्टोरेज में भेजते हैं।
- **डेटा अद्यतनन:** इस डेटा को आईओटी सिस्टम के साथ जोड़कर खेत की वातावरणिक स्थिति का अद्यतनन किया जाता है।
- **नियंत्रण और क्रियान्वयन:** बेस्ड सेंसर डेटा के आधार पर आईओटी सिस्टम नियंत्रण यूनिट को निर्देशित करता है कि कब और कितनी सिंचाई की आवश्यकता है।
- **कृषकों को सूचित करना:** आईओटी प्रणाली कृषकों को खेत की स्थिति के बारे में सूचित करती है ताकि वे समय पर कार्रवाई कर सकें ।

### स्मार्ट सिंचाई के लाभ

- **पानी की बचत:** ड्रिप सिंचाई से पानी की बचत होती है क्योंकि पानी केवल ज़रूरत के हिसाब से पौधों को पहुँचता है.
- **बीमा अवकाश:** यह प्रणाली खराब मौसम की ओर बदलती है और कृषकों को बीमा अवकाश के लिए सूचित करती है।
- **उत्पादकता में वृद्धि:** ड्रिप सिंचाई से पानी की प्राकृतिक वापसी को बढ़ावा मिलता है, जिससे पौधों की उत्पादकता में वृद्धि होती है।
देश के प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी चाहते हैं कि हमारा देश "आत्मनिर्भर" होना चाहिए और इस परिपेक्ष्य में आत्मनिर्भर भारत के लिए आत्मनिर्भर किसान भी जरूरी है। हाल के दिनों में एक अच्छी बात सामने आई है कि अब किसान अपने राज्य के बाहर किसी भी बाजार में अपनी फसल अथवा कृषि उत्पाद बेच सकते हैं। कोल्ड स्टोरेज (शीतगृह) बनाने और किसानों को बाजार से जोड़ने के लिए 1 लाख करोड़ रूपये का निवेश किया जायेगा और साथ ही गाँवों के पास ही स्थानीय उत्पादों से जुड़े उद्योग भी विकसित किये जायेगें।

हमारे देश के उप–राष्ट्रपति श्री ऍम वेंकैया नायडू जी ने भी कहा था कि अन्नदाता किसानो का अभिनंदन करे देश महामारी का सामना करने में उनका योगदान डाक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों और सुरक्षाबलों जितना ही है | प्रयास होना चाहिए कि किसानों की आमदनी दोगुनी करने के लक्ष्य को प्राप्त किया जाये और कृषि को लाभकारी बनाया जाये।

देश में कोरोना महामारी की वजह से 25 मार्च, 2020 को देश के प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने सारे देश में लॉकडाउन की घोषणा करते हुए कहा था कि लक्ष्मण रेखा नहीं लाघंनी है और इसीलिए देश के सभी छोटे–बड़े कार्य उदाहरणार्थ, दैनिक दिहाड़ी मजदूर से लेकर हवाई सेवाओं तक स्थगित रही (लगभग 65 दिन), और इसी कारण सभी वर्गो के लोग केंद्र सरकार से राहत पैकेज की मांग कर रहे थे और वह पैकेज उनको दे भी दिया गया, लेकिन अन्नदाता की तरफ से इस बाबत आज तक कोई मांग नही आई। प्रत्येक किसान का मुख्य उद्देश्य होता है कि अपने प्रक्षेत्र(फार्म) से अधिकतम लाभ प्राप्त कर सके और यह तभी सम्भव है, जबकि कम खर्च या लागत से अधिक उत्पादन लिया जाये।

जल प्रौद्योगिकी केंद्र
भा.कृ.अनु.प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली
(सेवानिवृत)
ईमेल: singhbp024@gmail.com



अनाज मंडी में गेहूं की बिक्री का दृश्य



पूर्वी यमुना नहर (ताजेवाला से दिल्ली नोली तक) स्रोत: सिंचाई विभाग,उत्तर प्रदेश

उत्पादन के अनेक निवेशों में जल प्रबंधन सबसे महत्वपूर्ण है। यदि किसान ने जुताई करने के बाद उसमे पर्याप्त मात्रा में खाद एवं उर्वरकों और अच्छे बीज आदि का प्रयोग करके फसल कि बुवाई की है परन्तु उसके पास सिंचाई के पानी की सुविधा समय पर नहीं है तो फसल उत्पादन के बाकी निवेशों का कोई महत्त्व नहीं है। इसी क्रम में गेहूं की फसल में पानी के विभिन्न स्रोतों से सिंचाई के पानी के उपयोग और दक्षता का अध्ययन करने के लिए पूर्वी यमुना नहर के कमांड क्षेत्र को चुना गया था| फसल उत्पादन में जितनी भी लागते लगती है उनमें सबसे महत्वपूर्ण सिंचाई जल ही है और यदि सिंचाई जल का बंटवारा एवं प्रबंधन में ही खामियां हों तो किसानों को समय पर सतही सिंचाई जल नहीं मिलने के कारण उनको सिंचाई के अन्य स्रोतों को खोजना पड़ता है जैसे भूमिगत जल| इस भूमिगत जल की प्राप्ति के लिए किराये की बिजली की ट्यूबवैल, निजी बिजली

की ट्यूबवैल, डीजल ट्रेक्टर, आदि का प्रयोग करना पड़ता है। सिंचाई के इन चारों साधनों की गहनता से अध्ययन करने के बाद, बात निकलकर आई कि जिस साधन से किसान को सिंचाई जल उचित समय पर निश्चित सुविधा उपलब्ध हो जाता है तो उसी साधन से फसल की अधिक उपज मिली, हालांकि यह अलग बात है कि सिंचाई साधन सस्ता था या मंहगा। यहां यह कहना उचित होगा कि प्रत्येक सिंचाई स्रोत द्वारा औसत पैदावार (क्विंटल/ हेक्टेयर), वितरिका नहर, किराये की बिजली की ट्यूबवैल, निजी बिजली की ट्यूबवैल और डीजल इंजन से क्रमशः 40.00, 42.66, 46.35 और 44.34 कुंतल/हैक्टेयर निकली थी | साथ ही इससे यह भी साबित हुआ कि निजी बिजली की ट्यूबवैल ऐसा सिंचाई स्रोत था जिससे किसान समय पर फसल में सिंचाई देने में सक्षम था और इसीलिए पैदावार अन्य सिंचाई स्रोतों से अधिक प्राप्त हुई थी | उपरोक्त सिंचाई साधनों से प्रति हैक्टेयर शुद्ध आय क्रमशः 10625, 11500,13040 और 11540 रूपये प्राप्त हुई।

सिंचित क्षेत्रों की सभी चार श्रेणियों में से, प्रति हैक्टेयर शुद्ध आय और शुद्ध आय-व्यय के अनुपात के मामले में किसानों के लिए स्वयं का बिजली-चालित ट्यूबवैल सिंचित स्रोत सबसे अधिक अनुकूल था, जो क्रमशः 13040 और 0.84 रुपये था। इसके विपरीत, नहर सिंचित क्षेत्र में 10625 रुपये की शुद्ध आय और 0.75 रुपये के शुद्ध आय-व्यय अनुपात के साथ कम से कम लाभप्रदता पाई गई है। यह नहर के पानी की उपलब्धता से जुड़ी अनिश्चितता के परिणामस्वरूप कम उपज का कारण था किराए पर लिए गए बिजली-चालित ट्यूबवैल और डीजल इंजन की दो श्रेणियों में, जो मुख्य रूप से गाँवों में पहले से ही प्रचलित प्रति घंटे की दर से इन स्रोतों का पानी जरूरत मंद खरीद कर अपनी फसलों की सिंचाई करते हैं, प्रति हैक्टेयर शुद्ध आय और शुद्ध आय-व्यय अनुपात में बहुत अंतर नहीं था, जो कि रूपये 11500 और रूपये 11540 और क्रमशः 0.77 और 0.74 था।

सिंचाई के हिसाब से देखा जाए तो पानी के स्रोत वाले किसानों यानि खुद के बिजली के ट्यूबवैल, प्रति यूनिट क्षेत्र में अधिकतम उत्पादन करने के लिए खेतों में मिट्टी की पर्याप्त नमी बनाए रखते हैं। इसके विपरीत जो किसान सिंचाई का पानी दूसरे किसानों से खरीद कर अपनी फसलों की सिंचाई करते हैं तो वे किसान अनुपात के आधार पर फसल को कम गहरी सिंचाई प्रदान करते हैं और इसीलिए प्रति हैक्टेयर कम उपज प्राप्त करते हैं। सिंचित क्षेत्र से उच्च कुल उपज प्राप्त करने के लिए और पानी की उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से पानी की समय पर उपलब्धता पर बेहतर नियंत्रण होना चहिए और मौजूदा सतही जल संसाधन की दक्षता में सुधार करने की आवश्यकता है।

सतही जल को उचित बटवारे एवं प्रबंधन के लिये एक आयोग 1974 –75 में जिसको CADA कमांड एरिया डवलपमेंट अथॉरिटी कहते हैं बनाया गया था जिसका उद्देश्य उपलब्ध सतही जल को नहरों के द्वारा किसानो के बीच इस तरह बांटा जाये कि उस उपलब्ध सिंचाई जल के द्वारा अधिकतम क्षेत्र को सींचा जा सके ताकि हर खेत को पानी मिले और पैदावार भी अधिक से अधिक प्राप्त की जा सके | उस पानी पर सिंचित फसल (Wheat -1997) पर मामूली सा लगान राज्य सरकार प्रति हैक्टेयर किसानों से फसल पकने के बाद वसूला जाता था जैसे नहर विभाग (Distributary) 287 रूपये प्रति हैक्टेयर, बिजली की ट्यूबवैल निजी+किराये



**निजी बिजली की ट्यूबवैल द्वारा गेहूं की फसल में सिंचाई**

की 677 (खर्चा प्रति हैक्टेयर) और कैनाल + भूमिगत 852 रूपये (प्रति हैक्टेयर सिचाई खर्चा) | इसके बाद 2014 में नहर सिचाई (Wheat) प्रति हैक्टेयर लगान 956 रूपये प्रति हैक्टेयर तक पहुंचा जो प्रति हैक्टेयर राज्य सरकार ने वसूला अब इसमें 10 फीसदी की बढ़ोत्तरी प्रतिवर्ष करने का प्रावधान है।

इससे किसान भी सिंचाई जल को अपनी फसलों में बड़े ही उचित मात्रा में उपयोग करते थे | इस तरह का एक अध्ययन हम दो लोगों ने उत्तर प्रदेश में पूर्वी यमुना नहर कमांड क्षेत्र में लेकर किया था जिसका मुख्य उद्देश्य “सिंचाई जल उपयोग दक्षता” का पता लगाना था | इस अध्ययन की रिपोर्ट कमिश्नर कमांड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी को भेजी थी और इसी अध्ययन पर आधारित जितनी भी रिपोर्ट अथॉरिटी के पास सारे भारत से आई थीं, उनमें प्रथम स्थान हमारे अध्ययन को दिया गया था। सतही जल के न मिलने के कारण भूमिगत जल पर ही सारी सिंचाई का दबाव आ जाता है और यही कारण है कि भूमिगत जल का स्तर भी बराबर नीचे गिर रहा है।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (PMKSY) का मूल उद्देश्य भी इसी कथन पर आधारित है कि PER DROP -MORE CROP । कमांड एरिया डवलपमेंट अथॉरिटी (CADA) का भी यही उद्देश्य था, लेकिन आज कम से कम उत्तर प्रदेश में इस अथॉरिटी का अस्तित्व पहले की सरकार द्वारा लगभग समाप्त कर दिया गया, जिसके कारण नहरों के पानी का किसानों से कोई लगान नहीं वसूला जा रहा है और किसान भाई भी सिंचाई जल को उचित मात्रा एवं उसकी कोई कीमत भी नहीं समझ रहे हैं।

जल संसाधनों की प्रचुर उपलब्धता किसी देश के कृषि विकास की आधार शिला होती है | पृथ्वी पर कुल जल जिसकी मात्रा 146 करोड़ घन किलोमीटर के लगभग है और यह हमारे 70% धरातल को ढके हुए है इसके बावजूद भी प्रति व्यक्ति पानी की मात्रा लगातार घटती जा रही है| सन् 1955 में प्रति व्यक्ति 5200 घनमीटर पानी उपलब्ध था जो अब घटकर 2200 घनमीटर ही रह गया और अनुमान है कि वर्ष 2025 में केवल 1500 घनमीटर ही रह जायेगा।

मार्च महीने के अंत में कोरोना महामारी को नियंत्रित करने के लिए लॉकडाउन सारे भारत में लगाते समय देश के प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा था कि लक्ष्मण रेखा नही लांघनी है लेकिन किसान एक ऐसा मजबूर वर्ग है जिसको अपने भोजन के साथ देशवासियों के भोजन की भी चिंता सता रही थी और इसी कारण लॉक-डाउन में



**पूर्वी यमुना नहर के नेटवर्क का मानचित्र**

देश की सारी जनता अपने घरों में छिपी थी परन्तु अकेला किसान खेतों में अपनी फसल बो या काट रहा था | कृषि जनगणना की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2010 -11 में खेती का रकबा 15 करोड़ 95.9 लाख हैक्टेयर था वर्ष 2015-16 में खेती का रकबा 15 करोड़ 71.4 लांख हैक्टेयर, जिसमें 1.53 फीसदी की गिरावट आयी | 2010-11 में देश में खेती जोतों की कुल संख्या 13.80 करोड़ से बढकर 2015-16 में 14.6 करोड़ हो गई है, यहाँ इसमें 5.33 प्रतिशत की वृध्दि हुई है | 2010-11 की तुलना में 2015-16 में औसत जोत का आकार 1.15 से घटकर 1.08 हैक्टेयर रह गई।

कृषि जनगणना रिपोर्ट के अनुसार 2010-11 में कृषि जोते रखने वालों में महिलाओं का हिस्सा 12.79 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2015-16 में 13.87 प्रतिशत हो गया |खेती के रकबे के हिसाब से महिलाओं का हिस्सा 10.36 प्रतिशत से बढ़कर 11.57 प्रतिशत हो गया | कुल जोतों में लघु एवं सीमांत जोत (दो हैक्टेयर से कम जोत) का अनुपात 86.21 प्रतिशत है। वर्ष2010-11 में ऐसी जोतों का हिस्सा 84.97 प्रतिशत था। कुल कृषि क्षेत्र में सीमांत और लघु किसानों के पास जमीन का हिस्सा इस समय 47.34 प्रतिशत है, जो वर्ष 2010-11 में 44.31 प्रतिशत था। वर्ष 2015-16 में अर्ध मध्य और मध्य आकार वाली जोतों (2 से 10 हैक्टेयर) का हिस्सा संख्या के हिसाब से 13.22 प्रतिशत और क्षेत्रफल के हिसाब से 43.61 प्रतिशत हिस्सा था| वर्ष 2015-16 में बड़ी जोत(10 हैक्टेयर से ऊपर ) वाले किसान 0.57 प्रतिशत है और उनके पास कुल कृषि रकबे का 9.04 प्रतिशत है। वर्ष2010 -11 में उनकी संख्या 0.71 प्रतिशत और उनका कुल रकबे का 10.59 प्रतिशत था।

जहाँ तक जनसंख्या वृध्दि का सवाल है जनसंख्या जनगणना के अनुसार भारत में सन् 1991, 2001, 2011 में जनसंख्या क्रमशः 83, 102, 121 करोड़ थी और अब 2021 में 135 करोड़ से भी अधिक जनसंख्या होने की सम्भावना है। इस प्रकार सालों साल बढ़ती जनसंख्या, दिनों दिन घटता कृषि रकबा और सिंचाई के पानी की उपलब्धता में कमी को ध्यान में रखते हुए अब समय आ गया है कि जनसंख्या पर नियंत्रण, कृषि में प्रति इकाई अधिक पैदावार और सिंचाई जल का अनुकूल उपयोग अति आवश्यक हो गया है।

***

# मोटे अनाजों का बेहतर उत्पादन

**वीरेन्द्र कुमार, पी. एस. ब्रह्मानंद एवं अनिल कुमार मिश्र**

**जल प्रौद्योगिकी केंद्र**
**भा.कृ.अनु.प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली**
**ईमेल: v.kumardhama@gmail.com**

मोटे अनाजों का देश की खाद्य, पोषण एवं आजीविका सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एवं कृषि संगठन द्वारा वर्ष 2023 को भारत के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय पौष्टिक अनाज वर्ष के रूप में मनाया गया। जो हमारे लिए आंनद, गर्व और सम्मान का विषय है। यूएनओ में भारत के इस प्रस्ताव का विश्व के 70 से ज्यादा देशों ने समर्थन किया है। इस दौरान मोटे अनाजों के गुणों व खेती के प्रचार प्रसार पर विश्व भर में काम होगा। भारत विश्व में सबसे ज्यादा मिलेट्स पैदा करने वाला देश है। सम्पूर्ण विश्व में कुल मिलेट्स उत्पादन का लगभग 41 प्रतिशत भारत में पैदा होता है। इसके बाद क्षेत्रफल व उत्पादन की दृष्टि से माली मिलेट्स का उत्पादन करने वाला दूसरे नंबर का देश है। प्राचीनकाल से ही मोटे अनाज हमारी संस्कृति, परंपराओ और सभ्यता का अभिन्न अंग रहे है। हमारे देश में इन अनाजों को खाये जाने का हजारो साल पुराना इतिहास है। इनका वर्णन हमारे प्राचीन वैदिक साहित्य में भी मिलता है।

बदलते परिवेश में ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदो, रागी, कुटकी, कांगनी, और चीना जैसे मोटे अनाज यानि मिलेट्स आज के दौर के सुपरफूड है। गत कई वर्षो से इन अनाजों का महत्व बढता ही जा रहा है। भारत में हजारों वर्षो से मोटे अनाजों की खेती होती आ रही है। दक्षिण भारत के पूर्वी तट पर इनकी खेती बहुतायत में की जाती है। मोटे अनाज पारंपरिक एनर्जी बार है। भारत का सबसे लोकप्रिय मिलेट बाजरा है। यह विशेषतौर पर राजस्थान और उत्तर-पश्चिम भारत में उगाया जाता है। यह आयरन का सबसे अच्छा स्रोत है। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश के रायलसीमा इलाके में रागी प्रमुख रूप से उगायी जाती है। बुंदेलखंड, छत्तीसगढ और मध्य प्रदेश के गरीब इलाकों में कोदों आज भी आम आदमी का भोजन है।



आज देश के पांच सितारा होटलों में टॉप शेप मोटे अनाजों का प्रयोग बडे पैमाने पर सब्जियों और सलाद में कर रहे है। आज भी देश के आदिवासी, सीमावर्ती और पहाडी इलाकों में इनकी खेती बहुतायत में की जाती है। गरीबो के लिए तो पेट भरने वाले ये अनाज सस्ते और पोषण से भरपूर है। लेकिन अब इसने उच्च शर्करा स्तर, मोटापे और पाचन से जुडी परेशानियों से जूझ रहे लोगो की थालियों में जगह बना ली है। जिन क्षेत्रों में चावल और गेंहू की खेती नही हो सकती, वहां किसान और आदिवासी समुदाय मिलेट्स पर निर्भर है। यहां तक कि समृद्ध इलाकों में भी यह खानपान की संस्कृति का हिस्सा बनते जा रहे है। सबसे बडी बात यह है कि इन्हें व्रत में भी खा सकते है। क्योंकि पोषक तत्वों से भरपूर होने के कारण शरीर में होने वाली कमजोरियों को दूर किया जा सकता है।

**मिलेट्स से तात्पर्य**

भारतीय मिलेट्स पौष्टिकता से भरपूर व सूखा सहिष्णु फसलों का एक समूह है। जो ज्यादातर भारत के शुष्क व अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में उगाये जाते है। यह ग्रेमिनी या पोएसी कुल के एक वर्षीय पौधे है। जिनके बीज छोटे आकार के होते है। जो उत्तर भारत में खरीफ के मौसम में जबकि दक्षिण भारत में खरीफ व रबी दोनो मौसम में उगाये जाते है। भारतीय मिलेट्स पौष्टिकता के मामले में गेंहू व चावल से बेहतर व पोषक तत्वों जैसे प्रोटीन, विटामिन और खनिजों से भरपूर है। यह ग्लूटेन मुक्त भी होते है और इनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है। जो इन्हें सीलिएक रोग या मधुमेह रोगियों के लिए आदर्श बनाता है।

**मोटे अनाजों की खेती का महत्व**

भारतीय कृषि एवं भोजन में मोटे अनाजों का महत्वपूर्ण स्थान रहा है।

खाद्य सुरक्षा कानून में मोटे अनाजों के वितरण से न केवल खाद्य व पोषण सुरक्षा सुनिश्चित होगी बल्कि इससे विविधतापूर्ण खेती को भी बढ़ावा मिलेगा। जिससे मिट्टी की उर्वरता में भी वृद्धि होगी। साथ ही उत्तर-पश्चिम भारत में निरंतर गिरते भूजल स्तर मे भी कमी आयेगी। इसकी जरूरत लम्बे अरसे से महसूस की जा रही थी। क्योंकि हरित क्रांति में खाद-बीज से लेकर उपज की बिक्री तक में चुनिंदा फसलों को



प्राथमिकता दी गयी। जिसके परिणामस्वरूप गेहूं, धान, गन्ना व कपास के क्षेत्रफल में तेजी से बढ़ोतरी हुई।

पोषक तत्वों की दृष्टि से इन्हें गुणों की खान कह सकते हैं। प्रोटीन व रेशे की भरपूर उपस्थिति के कारण मोटे अनाज डायबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्त चाप का खतरा कम करते हैं। इनमें खनिज तत्व भी पर्याप्त मात्रा में पाये जाते हैं। जिससे कुपोषण की समस्या को दूर करने में मदद मिलेगी। मोटे अनाजों से बने खाद्य पदार्थों में चावल से निर्मित खाद्य पदार्थों की अपेक्षा कई गुना ज्यादा कैल्शियम होता है। बाजरा में सबसे ज्यादा आयरन पाया जाता है। जबकि बाजरा व ज्वार की रोटी के साथ चने का साग प्रोटीन के मामले में अग्रणी भोजन है। अनेक लाभों के बावजूद इनकी सरकारी खरीद, भंडारण व वितरण की कोई व्यवस्था नहीं है। इसलिए किसान इन फसलों की खेती मजबूरी में करते हैं।

**वितरण एवं खपत**

विश्व के 131 देशों में मोटे अनाजों की खेती की जाती है। मोटे अनाज अफ्रीका और एशिया के लोगो के लिए प्रमुख खाद्यान्न

सारणीः मोटे अनाजों का पोषण मूल्य (100 ग्राम खाद्य भाग में)

| अनाज का नाम | प्रोटीन (ग्राम) | वसा ग्रा. | कार्बोहाइड्रेट (ग्राम) | ऊर्जा(किलो कैलोरी) | कैल्सियम (मि.ग्राम) | आयरन (मि.ग्राम) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ज्वार | 10.4 | 3.1 | 70.7 | 349 | 25 | 5.4 |
| बाजरा | 11.8 | 4.8 | 67.0 | 361 | 42 | 11.0 |
| रागी | 7.7 | 1.5 | 72.6 | 328 | 350 | 3.9 |
| कोदों | 9.8 | 1.6 | 66.6 | 353 | 35 | 1.7 |
| कुटकी | 8.7 | 5.3 | 75.7 | 340 | 16 | 2.8 |
| सावां | 6.93 | 2.0 | 80.6 | 333 | 23.2 | 6.9 |
| कांगनी | 10.3 | 3.1 | 69.9 | 349 | 30.1 | 3.7 |

परन्तु मोटे अनाजों के अन्तर्गत क्षेत्रफल सिकुड़ता गया। जिसका नतीजा यह निकला कि ज्वार, बाजरा, सावां, रागी, कोदो, जैसे पौष्टिक व रेशेदार अनाज भोजन की थाली से गायब हो गये। इसके अलावा भूजल स्तर में गिरावट, मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी व खरपतवारों की बहुतायत जैसे समस्याएं पैदा हो गयी। मोटे अनाजों की खेती से न केवल भूजल व ऊर्जा की खपत में कमी आयेगी, बल्कि धान-गेहूं की प्रति हैक्टेयर उपज में आ रही गिरावट या स्थिरता को दूर करने में भी मदद मिलेगी।

रहे हैं। भारत द्वारा एशिया का 80 प्रतिशत तथा विश्व का 20 प्रतिशत पौष्टिक अनाज पैदा किया जाता है। भारत में लगभग 140 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में 176 लाख टन मोटे अनाजों का उत्पादन होता है। जबकि विश्व में 717 लाख हैक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में लगभग 863 लाख टन मोटे अनाजों का उत्पादन होता है। वर्ष 2017-18 में मोटे अनाजों की उत्पादकता 1163 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर थी जो वर्ष 2020-21 में 1239 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर हो गयी है। मोटे अनाजो को अलग-अलग राज्यों में अलग नाम से जाना जाता है। मोटे अनाजों की खेती दक्षिणी भारत, उत्तरी भारत के मैदानी क्षेत्रों से लेकर ऊंचाई

वाले पर्वतीय क्षेत्रों तक की जा सकती है। ये न केवल विषम परिस्थितियों में अच्छी पैदावार देते हैं बल्कि पूरी पारिस्थितिकी को स्थायित्व भी प्रदन करते है।

**सरकारी प्रयास और योजनाएं**

ज्वार, बाजरा, कोदो-कुटकी, सावां एवं रागी की उत्पादकता बढाने के प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए तकनीक जानकारी, उच्च गुणवत्ता के बीज व सीड बैंक की स्थापना में मदद के लिए इंडियन इंस्टिटयूट ऑफ मिलेट रिसर्च, हैदराबाद की मदद ली जा रही है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मोटे अनाजों की खरीद व आदान सहायता देने के साथ प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग की पहल, मिलेट के प्रसंस्करण और गुणवत्ता सुधार के लिए प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जा रही हैं। इससे किसानों, महिला समूहों और बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा भारत सरकार द्वारा वर्ष 2018 को राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाया जा चुका है।

केंद्रीय बजट 2023-24 में मोटे अनाजों की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए 'श्री अन्न योजना' की शुरूआत की गयी है। श्री अन्न का मतलब सभी अन्नों में श्रेष्ठ यानि धान व गेंहू से भी बेहतर है। हाल ही में सहकारी क्षेत्र की उर्वरक बनाने वाली संस्था इफको ने इंडियन इंस्टिटयूट ऑफ मिलेट रिसर्च के साथ मिलेट्स की जैव संवर्धित किस्मों को विकसित करने के लिए करार किया है। जिससे देश में भूखमरी व कुपोषण की समस्या दूर की जा सके। मन की बात कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री ने कृषि के सतत् विकास हेतु मोटे अनाजों के अच्छे बीजों को अपनाये जाने और इन फसलों के उत्पादन बढाने पर जोर दिया। इसके अलावा मोटे अनाजो को ग्लोबल ब्रांड बनाने व खाद्य टोकरी में इन पोषक अनाजों की हिस्सेदारी बढाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री ने 18-19 मार्च, 2023 को पूसा परिसर स्थित नॉस कॉम्पलेक्स में श्री अन्न पर एक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन भी किया गया था।

**सारणी - भारत में उगाये जाने वाले प्रमुख मोटे अनाज**

| फसल का अंग्रेजी नाम | हिंदी/स्थानीय नाम | वैज्ञानिक नाम | प्रमुख उत्पादक क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| पर्ल मिलेट | बाजरा, बजरी | पेनीसेटम ग्लूकम | राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडू |
| सोरघम | ज्वार, जोला | सोरघम बाईकलर | महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडू |
| फिंगर मिलेट | मंडुवा या रागी | इल्यूसिन कोराकना एल. | कर्नाटक, उत्तराखंड, तमिलनाडू, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश |
| बार्नयार्ड मिलेट | सावां, सवां | एकाइनोकोला एस्क्यूलेंटा | उत्तराखंड, अरूणाचल प्रदेश, नागालैंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडू |
| लिटिल मिलेट | कुटकी | पैनिकम सुमाट्रेंस | मध्य प्रदेश, तमिलनाडू, कर्नाटक, छत्तीसगढ, झारखंड |
| फोक्सटेल मिलेट | कांगनी, काकुन | एस्टेरिया इटालिका एल. | आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, अरूणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडू |
| कोदों मिलेट | कोदों, कोदोन | पास्पालम क्रोबिकुलेटम एल. | मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, तमिलनाडू, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश |
| प्रोसो मिलेट | चीना, चेनो | पैनिकम मिलियेसियम एल. | महाराष्ट्र, बिहार, उडीसा, राजस्थान, तमिलनाडू |

**मिट्टी और जलवायु**

मोटे अनाजों की खेती के लिए अच्छी जल-निकासी वाली कम उर्वर व बलुई दोमट से लेकर दोमट मिट्टी अधिक उपयुक्त है। इसकी खेती शुष्क और शीतोष्ण क्षेत्रों से लेकर गर्म व तर जलवायु तथा 50-60 सेमी. वार्षिक वर्षा

वाले क्षेत्रों में अच्छी तरह की जा सकती है। लेकिन यदि फसल पर फूल आने की अवस्था में वर्षा हो जाए तो फूल धुल जाने के कारण दानों का भराव कम हो जाता है। बाजरे की फसल भारी वर्षा वाले उन क्षेत्रों में अच्छी तरह नहीं ली जा सकती, जहां पानी ठहर जाता है। इसलिए निचली सतह वाले इलाकों में यह फसल नहीं उगानी चाहिए। बाजरे में बालियों में दाने आने की अवस्था में यदि नमी अधिक और तापमान कम हो तो अर्गट बीमारी के प्रकोप की संभावना रहती है। इन फसलों के लिए सबसे उपयुक्त तापमान 32-37 डिग्री सेल्सियस माना गया है। इसलिए मोटे अनाज की फसलों को जुलाई के महीने में हर हालत में बो देना चाहिए। दक्षिण भारत में इसकी खेती पूरे वर्ष की जा सकती है।

**बुवाई का समय**

मोटे अनाजों की पैदावार में बुवाई के समय का बहुत महत्व है। यदि उपयुक्त समय पर बुवाई की जाए तो न केवल अधिक पैदावार मिलती है, बल्कि बीमारियों की संभावना भी कम हो जाती है। उत्तर-पश्चिम भारत और इसके आसपास के इलाकों में मोटे अनाजों को जुलाई के पहले पखवाड़े से इसी महीने के अंतिम सप्ताह तक बो देना चाहिए। बारानी क्षेत्रों में मानसून की पहली वर्षा के साथ ही मोटे अनाजों की बुवाई कर देनी चाहिए। 25 जुलाई के बाद बुवाई करने से प्रतिदिन प्रति हैक्टेयर 40-45 कि.ग्रा. कम पैदावार मिलती है। पैदावार में इस कमी का मुख्य कारण बीमारियों का प्रकोप होना, पौधों की अधिक मृत्यु दर और फसल पकते समय कम तापमान का होना है। वर्षा आधारित क्षेत्रों में चारे वाली फसलों जैसे ज्वार, बाजरा के साथ ग्वार की मिलवां बुवाई वर्षा शुरू होने के तुरन्त बाद जून के आखिरी सप्ताह से लेकर जुलाई के प्रथम सप्ताह तक अवश्य कर देनी चाहिए।

**मोटे अनाजों की नवीनतम व जैव फोर्टिफाइड किस्में**

हाल ही में मोटे अनाजों की अनेक जैव फोर्टिफाइड किस्मों का विकास किया गया है। वर्ष 2018 से फरवरी 2020 तक मिलेट्स की 8 जैव फोर्टिफाइड किस्मों/संकरों को खेती के लिए जारी किया गया है। ये किस्में परंपरागत किस्मों की अपेक्षा 1.5 से 3.0 गुना ज्यादा पोषक तत्वों से भरपूर हैं। इस प्रक्रिया में जैव प्रौद्योगिकी व सस्य तकनीकों के द्वारा पौधे के खाद्य भाग में पोषक तत्वों की मात्रा बढायी जाती है। जिससे इनकी आपूर्ति जनसंख्या के बडे हिस्से तक संभव हो पाती है। यह लोगों में स्वास्थ्य सुधार का सुरक्षित एवं जोखिम-मुक्त तरीका है। यह अपेक्षाकृत कम समय में तेजी से स्वास्थ्य सुधार में सक्षम है एवं लागत प्रभावी भी है। इससे न केवल कुपोषण मुक्त भारत बनाने में मदद मिलेगी, बल्कि इससे किसानों की आय बढने के साथ-साथ कृषि व्यवसाय के नये आयाम भी खुलेगें।

मोटे अनाजों की प्रमुख व नवीनतम प्रजातियों में फोक्सटेल मिलेट (कांगनी) की एसआईए-3156, फिंगर मिलेट (मंडुवा या रागी) की जीपीयू-67, वीआर-847, वीएल मंडुवा 380 व वीएल मादिरा 208 प्रजातियां शामिल है। मोटे अनाजों में फिंगर मिलेट की सीएफएमवी 1 और 2 प्रजातियां कैल्सियम, आयरन और जिंक की पर्याप्त मात्रा रखती है। जबकि बाजरा की एचएचबी 299 व एएचबी 1200 प्रजातियां आयरन व जिंक की उच्च मात्रा से भरपूर है। इसी प्रकार कुटकी की सीएलएमवी-1 जिंक व आयरन से भरपूर है। उपरोक्त के अलावा बाजरे की संकर किस्मों में एचएचबी 272, एमपीएमएच 17, 21, एमएच 1890, 1760, 1610, 1684, जीएचबी 905, एचएचबी 224 आदि प्रमुख है। इसके अलावा संकुल किस्मों में पूसा 443, पूसा कम्पोजिट 701, 334, राज 171, पूसा सफेद व जेबीबी 3 शामिल है। ज्वार की उन्नत किस्मों में दाने के लिए सीएसवी 10, 13, 15, 17, 20, 27 व पीएसवी 2561 प्रमुख है। ज्वार की संकर प्रजातियों में सीएसएच 9, 10, 11, 14, 18, 25, एसपीएच 388, 468 मुख्य है। खरीफ में ज्वार से अधिक चारा लेने के लिए एक कटाई वाली उन्नत किस्में पूसा चरी-1, 6, 9, 23, हरियाणा चरी-136, 171, 260, एसएल 44, पंत चरी 4, यूपी चरी 1, 2 और राज. चरी-1 व 2 का प्रयोग करें। ज्वार की बहु कटाई वाली किस्मों में पूसा चरी 23 और पूसा संकर 103, 109, सफेद मोती, हरियाणा ज्वार 513, जवाहर ज्वार 513 मुख्य है।

**बुवाई की विधि**

मोटे अनाजों की बुवाई करते समय इस बात का

**सारणी: प्रमुख मोटे अनाजों की जैव फोर्टिफाइड किस्मों का संक्षिप्त विवरण**

| क्रमांक | फसल का नाम | प्रजातियां | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1- | रागी | सीएफएमवी-1<br>सीएफएमवी-2 | कैल्सियम-428 मि.ग्रा/100 ग्राम, आयरन-58.0 पीपीएम, जिंक-44 पीपीएम, उपज-31.1 क्वि./हे<br>कैल्सियम-654 मि.ग्रा/100 ग्राम, आयरन-39.0 पीपीएम, जिंक-25 पीपीएम, उपज-29.5 क्वि./हे |
| 2- | कुटकी | सीएलएमवी-1 | आयरन-59.0 पीपीएम, जिंक-35 पीपीएम, प्रोटीन-14.4 प्रतिशत, उपज-15.8 क्वि./हे |
| 3- | ज्वार | आईसीएसआर 14001 | परंपरागत प्रजातियों की अपेक्षा जिंक व आयरन से भरपूर |
| 4- | बाजरा | एचएचबी 299<br>एएचबी 1200<br>एएचबी1269 एफई<br>एचएचबी 331<br>आरएचबी 234 | संकर उत्तर-पश्चिम क्षेत्रों के लिए, आयरन व जिंक की उच्च मात्रा, उपज 32.7 क्वि./हे<br>संकर , उत्तर-पश्चिम क्षेत्रों के लिए, आयरन व जिंक की उच्च मात्रा,उपज 32 क्वि./हे<br>संकर , उत्तर-पश्चिम व दक्षिण भारत के लिए, आयरन व जिंक की उच्च मात्रा, उपज 31.7 क्वि./हे<br>उत्तर-पश्चिम भारत, आयरन 83 पीपीएम, उपज 31.7 क्वि./हे<br>उत्तर-पश्चिम भारत, जिंक 41 पीपीएम, आयरन 84 पीपीएम, उपज 31.7 क्वि./हे |

विशेष ध्यान रखें कि खेत में पर्याप्त नमी हो । किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि संकर किस्मों की बुवाई करते समय हर बार नया बीज प्रयोग करें। पंक्ति में बुवाई देसी हल के पीछे कूंडों में या सीडड्रिल द्वारा की जा सकती है। सीडड्रिल द्वारा बुवाई करना सर्वोतम रहता है। क्योंकि इससे बीज समान दूरी पर और समान गहराई पर पड़ता है। यदि मोटे अनाजों की खेती बड़े पैमाने पर की जा रही हो, तो सिडड्रिल का प्रयोग करना आर्थिक दृष्टि से भी उपयोगी रहता है।

**बीज उपचार**

बीज बोने से पहले उसे फंफूदीनाशक दवा से अवश्य उपचारित करें। इसके लिए बुवाई से पूर्व बीज को 2.5 ग्राम फंफूदीनाशक दवा थीरम प्रति कि.ग्रा. बीज की दर से उपचारित करके बुवाई करें या बुवाई से पूर्व बीज का

उपचार100 ग्राम पीएसबी, 100 ग्राम एजोटोबैक्टर व 50 ग्राम ट्राईकोडर्मा के मिश्रण से उपचारित करना चाहिए। इससे वायुमंडलीय नाइट्रोजन एकत्रीकरण की प्रक्रिया पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। बीज उपचार बुवाई के 10-12 घंटे पहले कर लेना चाहिए। एक हैक्टेयर क्षेत्र में बुवाई करने हेतु एजोटोबैक्टर जीवाणु के दो पैकेट पर्याप्त होते है। किसान भाई यह भी ध्यान रखे कि यदि बीज किसी विश्वसनीय संस्था से खरीदा गया है तो उसे फफूंदीनाशक या कीटनाशक से उपचारित करने की आवश्यकता नहीं है। यह बीज पहले से ही उपचारित होता है ।

**खाद एवं उर्वरकों की संतुलित मात्रा**

नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश पोषक तत्वों का फसल उत्पादन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। साथ ही फसल को इनकी अधिक मात्रा में आवश्यकता होती है। अतः इन तत्वो की संतुलित एवं अनुमोदित मात्रा न दें, तो उत्पादन में भारी गिरावट आ जाती है। इसी तरह सूक्ष्म पोषक तत्व बहुत कम मात्रा में पौधों द्वारा लिए जाते है। परन्तु विभिन्न पादप शारीरिक क्रियाओं में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी व अधिकता दोनों ही हानिकारक है। यदि मृदा में सूक्ष्म पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में हैं, तो इनकी अतिरिक्त मात्रा देने से फसल को कोई विशेष लाभ नहीं होता है। मोटे अनाजों की भरपूर पैदावार के लिए के लिए उर्वरकों की कुल आवश्यकता सारणी 4 के अनुसार प्रयोग करें।

**मोटे अनाजों के साथ अन्तःफसल**

मोटे अनाजों की खेती दूसरी फसलों के साथ मिश्रित रूप से भी की जा सकती है। ज्वार व बाजरे की फसल में यदि फली वाली फसलें उगाई जाएं तो इससे न केवल दालों का उत्पादन बढ़ता है, वरन् मनुष्यों के खाने में अतिरिक्त पोषक

तत्वों की उपलब्धता भी बढ़ जाती है। इसके साथ-साथ फली वाली फसलें वायुमंडलीय नाइट्रोजन एकत्रीकरण की प्रक्रिया करके ज्वार व बाजरे की फसल को नाइट्रोजन भी उपब्लध कराती है। इसलिए ज्वार व बाजरे की फसल में अन्य कोई फसल भी अन्तःफसल के रूप में लगाना लाभप्रद रहता है। ज्वार व बाजरे के साथ ग्वार और लोबिया की मिलवॉ खेती उत्पादक एवं लाभदायी हो सकती है। अतः मोटे अनाजों के साथ ग्वार व लोबिया की मिलवॉ फसल से उर्वरक लागत को कम करते हुए किसान भाई अधिक उत्पादन ले सकते है।

**जल प्रबंधन**

मोटे अनाजों की जलमांग (300-400 मि.मी), गेंहू की (600-800 मि.मी) की तुलना में बहुत कम है। यही कारण है कि बारानी क्षेत्रों के अन्तर्गत मोटे अनाजों का लगभग 86 प्रतिशत आता है। खरीफ में उगाये जाने वाले मोटे अनाजों जैसे रागी, कोदों, बाजरा व ज्वार में बाली निकलते समय नमी अत्यंत आवश्यक है। वर्षा नही होने पर सिंचाई अवश्य करें। यद्यपि मोटे अनाज बारानी क्षेत्र की फसलें है, लेकिन सिंचित इलाकों में फूल आने की स्थिति में इस फसलों की सिंचाई करना लाभदायक होता है । जिससे फसल की वृद्धि पर कम मृदा नमी का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े । सिंचित क्षेत्रों में यदि वर्षा बिल्कुल ही न हो तो ज्वार व बाजरे की फसल में 2-3 सिंचाइयों की आवश्यकता होती है। बाजरा की फसल अधिक पानी को सहन नहीं कर पाती हैं। यदि वर्षा का आवश्यकता से अधिक पानी खेतों में खड़ा है, तो उसे तुरन्त निकालने का प्रबन्ध करना चाहिए। सूखे के प्रभाव को कम करने के लिए फसल पर दो बार केओलिन नामक वाष्पोत्सर्जन अवरोधक के 6 प्रतिशत घोल का छिडकाव करें ताकि पत्तियों पर सूर्य की किरणों के प्रभाव को कम करके पत्तियों द्वारा पानी के वाष्पीकरण को कम कर सकते है ।

**खरपतवारों की रोकथाम**

किसान भाई हमेशा ध्यान रखें कि फसल को खरपतवार प्रतिस्पर्धा के क्रान्तिक समय में खरपतवारों से मुक्त रखें । इसके लिए शुद्ध एवं साफ बीज का प्रयोग करके खरपतवारों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। एक ही फसल को बार-बार एक ही खेत में उगाने से उसमें खरपतवारों का प्रकोप बढ़ जाता है तथा कीट एवं बीमारियां भी अधिक लगती है। इसलिए आवश्यक है कि एक ही फसल को बार-बार एक ही खेत में न बोयें । बुवाई हमेशा पंक्तियों में करनी चाहिए। जिससे निराई-गुडाई यंत्र से कतारों के बीच उगे खरपतवारों को काफी हद तक समाप्त किया जा सके। दलहनी व तिलहनी फसलों को ज्वार व बाजरा के साथ अन्तःफसल के रूप में उगाने से न केवल पैदावार में वृद्धि होती है, बल्कि खरपतवारों का भी नियंत्रण हो जाता है। मोटे अनाजों की फसलों में समय समय पर निराई-गुड़ाई कर खरपतवारों को निकालते रहें।

**कीटों की रोकथाम**

हालांकि आमतौर पर मोटे अनाजों की फसलों में कीट-पतंगें नहीं लगते हैं। लेकिन फिर भी फसल की निगरानी करते रहना चाहिए। रोयें वाली इल्लियां, टिड्डों तथा भूरे घुनों के आक्रमण के समय फसल पर कार्बोफ्यूरान 3 प्रतिशत दाने 20 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर की दर से प्रयोग करें। अधिक दीमकग्रस्त क्षेत्रों में फसल पकने के डेढ से दो महीने पहले क्लोरपाईरीफास 20 ई.सी. 5 मि.ली. प्रति लीटर या इमीड़ाक्लोप्रिड 200 एस.एल को 0.5 मि.ली प्रति लीटर का जड़ों के आस-पास छिड़काव करना चाहिए। इन दीमकग्रस्त पौधों को पशुओं के चारे के लिए उपयोग न करें। पंजाब व राजस्थान में बाजरे के पौधो को ओड़ोन्टोटर्मिस ओबेसस जाति की दीमक भारी नुकसान पहुँचाती है। भूमि में दीमक का प्रकोप है तो खेत में पहली सिंचाई के समय क्लोरपाईरीफास 20 ई.सी. 3-5 लीटर को 50 कि.ग्रा. सूखी मिट्टी में मिलाकर प्रति हैक्टेयर की दर से बिखरे दें।

**कटाई, भंडारण एवं विपणन**

ज्वार व बाजरा की कटाई सही समय पर कर लेना



चाहिए। ज्वार व बाजरा में जब पत्तियाँ पीली पड़कर सूख जायें तथा दाने सख्त हो जायें तो फसलें कटाई के लिए तैयार हो जाती है। दाने के लिए उगायी जाने वाली ज्वार व बाजरा की कटाई तभी करनी चाहिए।

जब दानों में 25-30 प्रतिशत नमी शेष रह जाय। बालियों के डंठल तोड़कर 3-4 दिन धूप में सुखाने के पश्चात मशीन से दाना अलग कर लेना चाहिए। जब दानों में नमी की

मात्रा 14 प्रतिशत रह जाये तो मंडी में ले जाए। फूल आने से पूर्व या फूल आने के समय ज्वार व बाजरा का प्रयोग हरे चारे के रूप में भी किया जा सकता है। भण्डारण के लिए बीज को 8-10 प्रतिशत आर्दता के स्तर तक सूखाना चाहिए। बीज को अलग-अलग श्रेणी में छांट कर हवादार जूट के थैले में भर देना चाहिए एवं गुणवत्ता के आधार पर विपणन करना चाहिए।

**भविष्य की मांग**

खाद्यान्न एवं चारे की बढ़ती हुई मांग को देखते हुए मोटे अनाजों की उत्पादकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक हो गया है और यह तभी संभव है जब मोटे अनाजों की अधिक उपज देने वाली संकर एवं उन्नत किस्मों की खेती उन्नत सस्य विधियां अपनाकर की जाय। इसके अलावा कुपोषण की समस्या के समाधान हेतु मोटे अनाजों की जैव फोर्टीफाइड किस्मों का भी विकास किया जाना चाहिए। साथ ही भविष्य में मिलेट्स की खेती को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ इनके भंडारण क्षमता में सुधार करने, प्रसंस्करण व मूल्य संवर्धन पर भी जोर देने की जरूरत है। इसके अलावा फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि को बढावा देने हेतु मोटे अनाजों को वर्तमान फसल प्रणालियों का हिस्सा बनाने की जरूरत है। जिससे मोटे अनाज देश को खाद्य व पोषण सुरक्षा में आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने के साथ-साथ किसानो की आय व खुशहाली बढाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।

***

# मक्के की विभिन्न क़िस्मों में प्रकाश संश्लेषक संबंधी लक्षण और उपज पर सूखे के तनाव का प्रभाव

**नीता द्विवेदी, पी. एस. ब्रह्मानंद, अनिल कुमार मिश्र, रोसिन के. जी, बिपिन कुमार और सर्वेंद्र कुमार**

मिट्टी में कम पानी की उपलब्धता की स्थिति में, पतियों में पानी की मात्रा में कमी होती है। जल संकट की ओर अग्रसर इस समस्या की त्वरित प्रतिक्रिया, रंध्रों का बंद होना है, जो पत्तियों में गैसों के संचालन को सीमित करता है और परिणामस्वरूप प्रकाश संश्लेषण को सीमित करता है । मक्का की उपज उन्नत हेतु जल तनाव के प्रभाव को आनुवांशिक माध्यम से कम किया जा सकता है। मक्का अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में उगाई जाने वाली एक महत्वपूर्ण खाद्य फसल है जिसमें सूखा सहनशीलता प्राप्त करने की दिशा में वृद्धि दर्ज की है। मक्के की संवेदनशीलता के बावजूद सूखे के प्रति सहिष्णु जीनोटाइप की खोज में आशा जनक परिणाम मिले हैं। मक्के में यह और शारीरिक प्रतिक्रियाओं की समझ सहिष्णु जीनोटाइप के आधार पर की जा सकती है। यह जानना अभी शेष है कि जल की कमी के प्रति सहिष्णुता किसके द्वारा पाई गई है? जल आवश्यकताओं के मूल्यांकन में तनाव के प्रति आनुवंशिक तन्यता,आवश्यक जल के अतिरिक्त उपयोग, शारीरिक विशेषताओं का उपयोग इत्यादि के चयन में जीन तकनीकी अनुप्रयोग किया जा सकता है, क्योंकि वे आनुवंशिक परिवर्तनशीलता बढ़ा सकते हैं। इस वातावरण में बेहतर जीनोटाइप की पहचान में सटीकता लायी जा सकती है। सूखे की सहनशीलता के प्रति शारीरिक प्रतिक्रियाएँ गंभीरता के अनुसार भिन्न हो सकती हैं जैसे; तनाव लगाने की अवधि, फेनोलॉजिकल चरण और आनुवंशिक सामग्री के अनुसार फ़ीनोलॉजिकल चरण के संबंध में, मक्का विशेष रूप से उगने के चरण में बहुत संवेदनशील होता है, इस अवधि के दौरान सूखे से वृद्धि होती है। एंथेसिस-सिल्किंग अंतराल (एएसआई), जो उपज में नकारात्मक रूप से सहसंबद्ध है ।

**जल प्रौद्योगिकी केंद्र**
**भा.कृ.अनु.प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली**
**ईमेल: neeta.iari@gmail.com**

सूखे की स्थिति में मक्के में जड़ और पत्ती दोनों में रूपात्मक-शारीरिक संशोधनों की पहचान भी की गई है जिस ने जीनोटाइप चयन और सहिष्णुता की समझ में बहुत योगदान दिया तंत्र । पानी की कमी पौधों की वृद्धि और विकास से संबंधित कई रूपात्मक विशेषताओं और शारीरिक प्रक्रियाओं को प्रभावित करती है । सामग्री (आरडब्ल्यूसी), पत्ती की जल क्षमता में कमी ($\Psi_w$) और स्फीति हानि, रंध्र का बंद होना, और कोशिका वृद्धि और पौधे की वृद्धि में कमी रूपात्मक और सूखे के तनाव की प्रतिक्रिया में शारीरिक परिवर्तनों का उपयोग प्रतिरोधी की पहचान करने में मदद के लिए किया जा सकता है।

सूखे के तनाव के तहत बेहतर उत्पादकता के लिए जीनोटाइप या फसलों की नई किस्मों का उत्पादन करना आवश्यक है। सूखे के तनाव के प्रति पौधों की प्रतिक्रियाएँ तनाव की तीव्रता और अवधि पर निर्भर करती हैं; साथ ही पौधे की प्रजातियाँ और उसके विकास का चरण भी बहुत उपयोगी हैं। सूखे की तनाव की स्थिति में, पौधे पानी की और अधिक हानि से बचने के लिए अपने रंध्रों को बंद कर देते हैं। सूखे के तनाव के तहत प्रकाश संश्लेषण का अवरोध सूखे के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जिसके कारण जल का ह्रास कम होता है और सूखा सहिष्णुता बढ़ जाती है । मक्का की फसल में प्रकाश संश्लेषक वर्णक प्रकाश संचयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$)अवशोषण दर पर सूखे के तनाव का प्रभाव (ए), वाष्पोत्सर्जन दर (ई) और जल उपयोग दक्षता (डब्ल्यू.यू.ई.) की कई जांच की गई है। मक्का की फसल में बताया कि सरसों (*ब्रैसिका नेपस* एल.) और मूंग जीनोटाइप्स जैसी फसलें सूखे के तनाव के प्रति पौधों की एक अन्य प्रतिक्रिया प्रकाश संश्लेषक वर्णक में परिवर्तन है। कैरोटीनॉयड मौलिक भूमिकाएँ निभाएँ और पौधों को सूखे के तनाव का प्रतिरोध करने में मदद करें। सूखा तनाव क्लोरोफिल ए/बी संश्लेषण को रोकता है और क्लोरोफिल ए/बी बाइंडिंग प्रोटीन की सामग्री को कम करता है, जिससे फोटोसिस्टम से

जुड़े द्वितीय प्रकाश-संचयन वर्णक प्रोटीन में कमी हो जाती है। सूखे के तनाव का क्लोरोफिल और कैरोटीनॉयड सामग्री पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कई अध्ययनों में आरडब्ल्यूसी और पत्ती जल क्षमता की भी जांच की गई है। पत्ती जल क्षमता और आर.डब्ल्यू.सी. पौधे के तनाव प्रतिक्रिया व सूखे की मात्रा निर्धारित करने के लिए विश्वसनीय पैरामीटर हैं। हमने रूपात्मकता में उस परिवर्तन की परिकल्पना की जिसमें शारीरिक और प्रकाश संश्लेषण संबंधी विशेषताएँ जीवित रहने और उच्चतर का पक्ष लेती हैं।

इस संदर्भ में, इस अध्ययन में हमने सूखे की स्थिति के प्रति सहनशील मक्का जीनोटाइप की अनाज उपज खेत की अंदर स्थिति में संबंधित कुछ मापदंडों की प्रारंभिक प्रतिक्रियाओं जैसे प्रकाश संश्लेषण और प्रकाश संश्लेषक क्षति में विभिन्न कारकों की भागीदारी के साथ सूखे के तनाव के प्रति सहनशीलता की सीमा में भिन्न मक्के की पांच क़िस्मों की स्थिति को को मापा। हमने इसका आंकलन किया कि पौधों की ऊंचाई, पत्ती की जल क्षमता, सापेक्ष जल सामग्री पर सूखे के तनाव का सापेक्ष प्रभाव और तेजी से और आसानी से खोजने के लिए संवेदनशील और प्रतिरोधी मक्का जीनोटाइप में 1000 अनाज का वजन सूखा सहनशीलता के लिए मक्का जीनोटाइप की स्क्रीनिंग की तकनीक का प्रयोग किस प्रकार प्रोलीन से किया जा सकता है। जल प्रौद्योगिकी केंद्र, भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र, नई दिल्ली, भारत में मक्का की फसल में सूखे के तनाव का प्रभाव फूल आने की अवस्था में एंजाइम सुक्रोज सिंथेज़ की गतिविधि का भी मूल्यांकन किया गया। सूखे के तनाव के तहत ऑस्मो-रक्षक के रूप में प्रोलीन की भूमिका को साहित्य में अच्छी तरह से प्रलेखित किया गया है। मक्के की पांच किस्मों की पत्तियों में जमा प्रोलाइन की मात्रा नियंत्रण और सूखे की तनाव की स्थिति में मापी गई है।

**संयंत्र सामग्री**

मक्के की पांच किस्मों के बीज सूखे के तनाव को सहन करने की अपनी सीमा में भिन्न हैं। अर्थात् HQPM-1, HQPM-5, PMH-1, PMH-3 और प्रकाश 3 x 3 मीटर के प्लॉट आकार में जल पर सूखा तनाव (25% क्षेत्र क्षमता) और नियंत्रण स्थितियाँ (100% क्षेत्र क्षमता)। प्रत्येक पंक्ति में 25 सेमी की दूरी पर पांच-पाँच बीजों का रोपण किया गया, पंक्ति से पंक्ति की दूरी 25 सेमी थी। रूपात्मक और मक्के की पाँच किस्मों में रीरिक सूचकांकों को मापा गया।

**परिणाम:**

**मक्का की फसल में अनाज की उपज और उसके घटक**

अनाज उत्पादन और संबंधित लक्षणों के लिए मक्के की पांच किस्मों में महत्वपूर्ण अंतर देखा गया। HQPM-5 ने नियंत्रण स्थितियों में उच्चतम GY, BM और TGW दिखाया, इसके बाद PMH- 1का स्थान रहा।पीएमएच-3, एचक्यूपीएम-1 और प्रकाश फसल ने अनाज उत्पादन के तहत उच्च स्थिरता दिखाई। सिंचित नियंत्रण की तुलना में फसल सूचकांक में सुधार के लिए तनाव की स्थिति।

**रूपात्मक-शारीरिक विशेषताएं**

पांचों किस्में रूपात्मक-शारीरिक लक्षणों में काफी भिन्न थीं। तनाव उपचार से पौधे की ऊंचाई, स्पेड मान और पत्ती की जल क्षमता में काफी कमी आई। फसल किस्में HQPM-5 और PMH-1 ने तनाव की स्थिति में अन्य किस्मों की तुलना में बेहतर जल संबंध बनाए रखा। तनाव की स्थिति में सुक्रोज सिंथेज़ गतिविधि के आधार पर एचक्यूपीएम-5, पीएमएच-1 और एचक्यूपीएम-1 किस्मों ने उच्च गुणवत्तापूर्ण प्रदर्शन किया। पराकाश और पीएमएच-1 किस्मों को ऑस्मोलाइट प्रोलीन का उच्चतम संचय, उच्चतम क्लोरोफिल और कैरोटीनॉयड सामग्री युक्त दिखाया गया। तनाव की स्थिति में इन किस्मों के उच्च सूखा सहनशीलता स्तर का संकेत मिलता है। शेष किस्मों की तुलना में प्रकाश संश्लेषण प्रभाव और संबंधित लक्षण प्रकाश संश्लेषण (पीएन) शुद्ध प्रकाश संश्लेषण (पीएन) में महत्वपूर्ण विविधता अंतर एंथेसिस चरण में पाया गया। नियंत्रण परिस्थितियों में अन्य किस्मों की तुलना में एंथेसिस चरण में एचक्यूपीएम-5 और पीएमएच-3 किस्मों में उच्च पीएन दर देखी गई। यह दृष्टिगत हुआ कि पानी की भारी कमी से पीएन कम हो गया। Pn में तनाव प्रेरित कमी HQPM-5 में सबसे अधिक थी जबकि कल्टीवेर एचक्यूपीएम-1 ने तनाव की स्थिति में पीएन दर बनाए रखी। रंध्र चालन (जीएस) स्टोमेटल चालन (जीएस) में कल्टीवेर अंतर महत्वपूर्ण था। एंथेसिस चरण में उच्चतम जी.एस.प्रकाश के पास था उसके बाद पी

एम एच-3, जबकि पी एम एच-1 में सबसे कम जीएस दिखा। किस्मों के बीच पानी की कमी से सभी किस्मों में जी.एस. में उल्लेखनीय कमी आई। जी.एस. में कमी की दर एच क्यू पीएम-5 में सबसे अधिक थी जबकि कल्टीवेर पी एम एच-3 में सबसे कम थी। जी.एस में कमी यह इंगित करता है कि सूखे की तनाव की स्थिति में पी एन में कमी आई थी इस अवस्था में रंध्र बंद होने के बजाय अधिकतर गैर-रंध्रीय कारकों द्वारा नियंत्रित होता है।

**वाष्पोत्सर्जन दर**

विभिन्न किस्मों में पी एम एच-3 में सबसे अधिक अंतरकोशिकीय वाष्पोत्सर्जन दर देखी गई। इसके बाद प्रकाश है। कल्टीवेर PMH-1 ने सबसे कम वाष्पोत्सर्जन दर दिखाई।पानी की कमी से सभी पाँच किस्मों में वाष्पोत्सर्जन दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। तनावग्रस्त पौधों की वाष्पोत्सर्जन दर नियंत्रण सिंचित पौधों की तुलना में लगभग 11% अधिक थी । इस अध्ययन में जी एस और वाष्पोत्सर्जन दर की प्रतिक्रियाएँ स्पष्ट करती हैं कि सूखातनाव प्रकाश संश्लेषण दर को काफी कम कर देता है। जी एस, वाष्पोत्सर्जन दर की तुलना में सूखे के तनाव के प्रति अधिक संवेदनशील पाया गया। पी एन और जी एस के बीच कमजोर संबंध इंगित करता है, कि सूखे के तनाव के तहत पी एन में कमी तथा रंध्र का अकेले बंद होने को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है।

**वानस्पतिक अवस्था में सूखा सख्त होना**

वनस्पति तनाव वाले पौधों के एंथेसिस में पीएन में वृद्धि एंजाइम स्तर में रासायनिक परिवर्तन के कारण अच्छी तरह से पानी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है । हालाँकि, यह वनस्पति का ट्रिगरिंग प्रभाव है सूखे के लिए आगे की जांच की आवश्यकता है।

**गुण सहसंबंध**

सूखे के तहत जीवाई का बायोमास, कुल अनाज वजन और फसल सूचकांक के साथ सकारात्मक और महत्वपूर्ण संबंध था। पीएन अनाज उत्पादन और इसके घटक लक्षणों के साथ सकारात्मक और महत्वपूर्ण रूप से सहसंबद्ध था। सूखा तनाव पीएन और जीएस के बीच कमजोर संबंध उस कमी को दर्शाता है। पीएन में सूखे के तहत तनाव की स्थिति स्टोमेट बंद होने के बजाय ज्यादातर गैर-स्टोमेटल कारकों द्वारा नियंत्रित की गई।

**विचार-विमर्श**

अंकुरण के दौरान पौधों की लंबाई कम होने से सूखा मक्के के उत्पादन को प्रभावित कर सकता है। फूल आने से पहले चरण, पत्ती क्षेत्र के विकास और प्रकाश संश्लेषण दर को कम करके अवधि, फूल आने के दौरान बालियां और गुठली का जमाव कम होने से और प्रकाश संश्लेषण कम होने से और दाना भरने के दौरान पत्तियों की शीघ्र बुढ़ापा उत्पन्न करना इयादी के द्वारा फसल उत्पादन में अतिरिक्त कमी, सूखे के अनुकूल ऊर्जा और पोषक तत्वों की बढ़ी हुई खपत से आ सकता है। हमें ऐसा प्रतीत होता है कि मक्के में सूखा सहिष्णुता की वृद्धि में कुछ महत्वपूर्ण शारीरिक प्रक्रियाएँ शामिल हैं उदाहरणार्थ;प्रतिक्रियाएँ, जैसे सूखे के तहत जड़ों की वृद्धि जिनमें; दाना भरने के दौरान निरंतर पत्ती प्रकाश संश्लेषण, जो शुष्क पदार्थ संचय में और वृद्धि में योगदान देता है|

**अध्ययन किए गए मक्के की पांच किस्मों के लक्षण और प्रकाश संश्लेषण संबंधी लक्षण**

यहाँ जैसा कि पहले बताया गया था;सूखे के तनाव ने अनाज की उपज, इसके घटक लक्षण, मॉर्फोफिजियोलॉजिकल को काफी कम कर दिया। । वर्तमान अध्ययन में, परकाश की खेती की गई है इसमें सुधार के कारण सिंचित नियंत्रण की तुलना में तनाव की स्थिति में फसल सूचकांक तथा अनाज की उपज में उच्चतम स्थिरता देखी गई। पी एम एच-1तनाव की स्थिति में अनाज की उपज में सबसे अधिक कमी देखी गई। पानी के तनाव के तहत, संकरों के बीच उच्च स्तर की भिन्नता देखी गई। तनाव और गैर-तनाव स्थितियों में अनाज की उपज और कृषि संबंधी विशेषताओं में सुधार, तनाव की स्थिति में मूल्यांकन किए गए मक्के में आनुवंशिक परिवर्तनशीलता के अस्तित्व की जांचकर्ताओं द्वारा सूचना मिली, जिस से फसल सुधार और इष्टतम वातावरण के लिए सही प्रजाति (वैराईटी) के चयन की संभावना का संकेत मिलता है। पर्याप्त पौध स्फीति और आत्मसात की कमी के कारण सूखे का तनाव रहता है परंतु भुट्टे एवं दानों का विकास उत्तरोत्तर होता है। इन चरणों में मिट्टी में पानी की कमी के कारण भी देरी हो सकती है। वर्तमान अध्ययन में, अनाज के विकास चरण के दौरान 30 दिनों के पानी के तनाव से काफी हद तक कमी आई है। सूखे के समय लंबे समय तक मिट्टी की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने के कारण

प्रति पौधे दानों की संख्या और अनाज का वजन कम हो सकता है। सूखा मुख्य रूप से अनाज विकास का चरण की अवधि कम करके उपज को कम करता है। विकास के दौरान पानी की कमी से भुट्टे और बीज का वजन कम हो जाता है बीज विकास के दौरान नमी के तनाव से छिलका प्रतिशत कम हो जाता है यह देखा गया कि मुख्य रूप से अंतिम फसल के दौरान जैविक उपज बढ़ जाती है

**मक्के में अनाज की उपज**

जैविक उपज की वृद्धि ने अनाज की उपज में सुधार के लिए इष्टतम और आवश्यक परिस्थितियाँ प्रदान किया। जैविक सहसंबंध के बीच सकारात्मक सूखे के तनाव के तहत उपज और अनाज की उपज उपरोक्त परिणाम का महत्वपूर्ण अनुमोदन है। नासरी व अन्य,ने बताया कि अनाज की उपज और जैविक उपज के बीच एक सकारात्मक महत्वपूर्ण सहसंबंध था। जैविक उपज (बायोमास) का अनाज की उपज के साथ उच्चतम सहसंबंध गुणांक था। सूखे के तहत अनाज की उपज का पौधे की ऊंचाई और पत्ती से भी गहरा संबंध था।

**सूखे के तहत क्लोरोफिल सामग्री**

यह परिणाम पिछले अध्ययनों के अनुरूप है। विकिरण ग्रहण करने की क्षमता और एक पत्ते की क्षमता तनाव के दौरान हरे रहने का अप्रत्यक्ष रूप से क्लोरोफिल सामग्री को मापकर मूल्यांकन किया जा सकता है। यहां मक्के की किस्मों का अध्ययन किया गया है, जैसा कि सूखे के तहत कम SPAD मूल्यों से पता चला है पाँचों किस्मों में नियंत्रण सिंचन की तुलना में सूखे के तनाव ने क्लोरोफिल की मात्रा को काफी कम कर दिया। तनाव के तहत फसल प्रकाश संश्लेषण के अनुकूलन की आवश्यकता है। महत्वपूर्ण विकास चरणों में आत्मसात को अधिकतम करने और इससे बचने के बीच संतुलन अतिरिक्त विकिरण के विनाशकारी प्रभाव. जैसे कि क्लोरोफिल सामग्री का संबंध और ऊर्जा के उत्पादन और परिवहन में वृद्धि के कारण मक्के में अनाज की पैदावार) सकारात्मक हो सकती है प्रकाश संश्लेषण से या क्लोरोफिल से ऊर्जा के पुनर्संयोजन के कारण नकारात्मक रंध्र संचालन में कमी के कारण नमी के तनाव से प्रकाश संश्लेषण कम हो जाता है और पत्ती क्षेत्र में कमी आती है। जैसे-जैसे नमी का तनाव बढ़ता है, रंध्र बंद होने लगते हैं जो कि पौधों का वाष्पोत्सर्जन को कम करने का तंत्र कहा जाता है इसके परिणामस्वरूप कार्बन डाइऑक्साइड का प्रवेश भी होता है। वर्तमान अध्ययन में, प्रकाश संश्लेषण दर सकारात्मक और महत्वपूर्ण थी। सूखे के तनाव के तहत अनाज की उपज और उसके घटक लक्षणों के साथ सहसंबद्ध पर इसके विपरीत, के बीच कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं पाया गया। प्रकाश संश्लेषण दर और सूखे के तहत मक्का अनाज की उपज के आधार पर लेखकों ने यह निष्कर्ष निकाला कि अनाज की पैदावार केवल उच्च प्रकाश संश्लेषण दर के रखरखाव पर निर्भर नहीं करती है। बल्कि सिंक की उपलब्धता पर, सूखे की स्थिति, प्रकाश संश्लेषण का स्थानांतरण, नर और मादा पुष्पन का तुल्यकालन, पत्ती क्षेत्र सूचकांक और अवधि, पत्ती चालन रंध्र के खुले होने की डिग्री से निर्धारित होता है, और यह पैरामीटर पानी की स्थिति और पौधे की वाष्पीकरणीय मांग पर निर्भर करता है। जैसे ही रंध्र $CO_2$ के प्रवाह को प्रभावित करते हैं, $CO_2$ की कमी रंध्रों के बंद होने की ओर जाता है। परिणामस्वरूप कुल प्रकाश संश्लेषक क्षमता का उपयोग नहीं किया जाता है, जिसके परिणामस्वरूप प्रकाश संश्लेषक एन उपयोग दक्षता कम हो गई। फलस्वरूप दूसरी ओर यदि प्रकाश संश्लेषण किया जाता है अथवा होता है तब रंध्र चालन की उपयोगिता कम होना उत्पादन की हानि और निर्जलीकरण को रोकने की आवश्यकता के बीच का व्यापार पर निर्भर करती है। इस प्रकार, पानी जिनमें वाष्पोत्सर्जन और रंध्र के बीच इष्टतम संतुलन होता है आचरण, जीनोटाइप को बचाना, रुचि के हैं। इस अध्ययन में सबसे अधिक सूखा सहने वाली किस्म पराकाश है जिसमें अन्य क़िस्मों की तुलना में सूखे के तनाव के तहत रंध्र चालन में सबसे अधिक कमी देखी गई। कल्टीवेर पराकाश में अन्य किस्मों की तुलना में पानी की उपयोग दक्षता क्षमता में कम कमी देखी गई। पराकाश की किस्मों में सबसे अधिक संचय देखा गया। तनाव की स्थिति में ऑस्मोलाइट प्रोलीन, उच्चतम क्लोरोफिल और कैरोटीनॉयड सामग्री शेष की तुलना में परकाश किस्म के उच्च सूखा सहनशीलता स्तर का संकेत मिलता है। यहां बताए गए परिणामों से संकेत मिलता है कि मक्के की खेती पराकाश ने सबसे अधिक प्रदर्शन किया। इसके बेहतर फसल सूचकांक, स्थिरता के कारण तनाव की स्थिति में अनाज की

उपज में स्थिरता 1000-बीज के वजन में, उच्च प्रकाश संश्लेषण दर, क्लोरोफिल सामग्री, कैरोटीनॉयड और की तुलना में सूखे के तनाव के तहत प्रोलाइन सामग्री और कम रंध्र चालन इष्टतम रहा। फसल के कुल जीवन के संदर्भ में अपेक्षाकृत महत्वहीन हो सकता है। अंतिम उपज पूरे सीज़न में वृद्धि का एक अभिन्न अंग है, यह एक विशेषता है जो नमी के तनाव की अवधि के दौरान पौधे के बढ़ने या जीवित रहने की क्षमता को प्रभावित करता है।

***

# भारत के नहरी सिंचित क्षेत्रों में उन्नत जल प्रबंधन : आधुनिकीकरण की आवश्यकता

अमित कुमार, अनिल कुमार मिश्र, डी. के. सिंह और तृप्तीमायी सुना

सामान्य रूप से विश्व और विशेष रूप से भारत की तेजी से बढ़ती आबादी के साथ भोजन, फाइबर और अन्य वस्तुओं की मांग कई गुना बढ़ गई है। खाद्य मांग को पूरा करने के लिए कृषि लागत में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पानी, फसल उगाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण और आवश्यक आगत (इनपुट), उत्पादन वृद्धि का एक सीमित कारक बनता जा रहा है। जल संसाधनों की कमी ने हाल के दशकों में एक बड़ी चुनौती पैदा की है और अगर ठीक से प्रबंधन नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में कृषि क्षेत्र जल के कमी से बुरी तरह से प्रभावित होगा। जल के महत्व को इस प्रकार समझा जा सकता है कि कृषि में सिंचाई के लिए दुनिया के लगभग 70% शुद्ध जल स्रोतों का उपयोग किया जा रहा है। भारत सहित कई देश अपने लाखों अरब भूखे लोगों का पेट भरने के लिए बड़े पैमाने पर सिंचित कृषि पर निर्भर हैं, जिनकी संख्या हर वर्ष कई गुना बढ़ रही है। इसलिए, शुद्ध जल के सीमित जल संसाधनों का प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण है। अत:, भविष्य के सतत कृषि विकास के लिए इसका विवेकपूर्ण संरक्षण, उपयोग और प्रबंधन करना समय की मांग है।

भारत की औसत वार्षिक वर्षा 119 सेमी है। बेसिनवार अनुमान के अनुसार भारत में सतही जल संसाधन की क्षमता लगभग 1869 बिलियन क्यूबिक मीटर (बीसीएम) है। इसमें से कुल उपयोग योग्य जल संसाधन 1123 बीसीएम, सतही जल 690 बीसीएम और भूजल 433 बीसीएम (सीडब्ल्यूसी, 2016-17) आंका गया है। भारत में वर्षा समान रूप से वितरित नहीं होती है जिसके कारण उत्तर पूर्वी भारत, घाट क्षेत्र आदि जैसे कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा होती है और अन्य क्षेत्र जैसे; मध्य पठार, थार रेगिस्तान, कच्छ का रन आदि सबसे गंभीर समस्याओं का सामना करते हैं।

**कृषि अभियान्त्रिकी संभाग**
**भा. कृ. अ. प. - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली**
**ईमेल: aamit8896@gmail.com**

भारत में नहर सिंचाई का एक लंबा इतिहास है जो वैदिक कालीन हड़प्पा सभ्यता से जुड़ा है। मध्ययुगीन काल के दौरान भी भारत में सल्तनत और मुगल शासन के अंतर्गत कई नहरें चालू की गईं, जिसके बाद ब्रिटिश भारत के तहत नवीकरण और नई नहरों का निर्माण किया गया था। आजादी के बाद पिछले 70 वर्षों में, बढ़ती फसलों के लिए सिंचाई प्रदान करने के लिए पूरे भारत में कई बड़ी, मध्यम और छोटी सिंचाई योजनाएं शुरू की गई हैं। हालाँकि, बड़े पैमाने पर जलभरों की पंपिंग के बावजूद भारत में बड़े भू भाग अभी भी असिंचित हैं। फिर भी, नहर सिंचाई नेटवर्क या प्रणालियाँ जो स्वतंत्रता के बाद बड़ी संख्या में नहर प्रणालियाँ (मुख्य कार्य, नियामक, विभिन्न प्रकार के चैनल, वितरण प्रणालियाँ, द्वार, वाल्व और अन्य संरचनाएँ) बनाकर विकसित की गईं, उनमें उम्र बढ़ने के लक्षण दिखने शुरू हो गए हैं और मुरझाने के परिणामस्वरूप प्रदर्शन में काफी हद तक गिरावट आई।

सामान्य तौर पर भारत में लगभग सभी नहर कमांडों और विशेष रूप से पूर्वी सोन उच्च स्तरीय नहर (ईएसएचएल) में परियोजना की शुरुआत के दौरान बनाई गई पूरी क्षमता का क्षेत्र की स्थिति में कभी भी पूरी तरह से उपयोग नहीं किया गया था। यह मुख्य रूप से नहर के डिजाइन में कमियों, अवैज्ञानिक संचालन, खराब रखरखाव, और लाभार्थियों द्वारा अनुचित जल अनुप्रयोग (जलमार्ग और दायर क्षेत्र चैनलों के माध्यम से माइनर के आउटलेट के नीचे) के कारण है; नियंत्रण और जल मापने की संरचना का अभाव किसी खेत, फार्म, सिंचाई जिले, बेसिन या संपूर्ण जलसंभर को सिंचित करने के लिए सिंचाई प्रणालियों का प्रदर्शन सिंचाई दक्षता के संदर्भ में मापा जाता है। नहर कमांड क्षेत्र में, नहर नेटवर्क में विभिन्न स्तरों पर होने वाली भारी जल हानि के कारण स्रोत से निकाले गए कुल जल का कभी भी पूरी तरह से उपयोग नहीं किया जाता है। नहर सिंचाई में जलके मुख्य नुकसान में विभिन्न प्रकार के परिवहन चैनलों से रिसाव, खुली जलकी सतह से वाष्पीकरण हानि, विभिन्न परिवहन चैनलों की गीली मिट्टी

की सतह से वाष्पीकरण हानि, खेत पर आवेदन हानि (सतह अपवाह और गहरी अंतःस्राव) शामिल हैं।

इसके अलावा, सिंचाई की दक्षता मुख्य रूप से सिंचाई की विधि, मिट्टी के प्रकार, बनावट, जल धारण क्षमता, उगाई जाने वाली फसलों के प्रकार, अपनाई गई फसल प्रणाली, फसल चक्र और क्षेत्र की जलवायु जल मांग पर निर्भर करती है। इन सबके बीच उचित संवहन और अनुप्रयोग नहर प्रणालियों में उच्च परियोजना दक्षता प्राप्त करने में शीर्ष स्थान पर है। इसलिए, सिंचाई की दक्षता बढ़ाने और उपयोग की गई क्षमता और निर्मित क्षमता के बीच अंतर को कम करने के लिए उचित संचालन और प्रबंधन बहुत आवश्यक है।

आम तौर पर भारत में और विशेष रूप से बिहार राज्य में कई नहरों की सतही सिंचाई पद्धति में प्राप्त सिंचाई दक्षता बहुत कम है, मात्र 30 - 40% । इसलिए, सिंचाई प्रणालियों की दक्षता बढ़ाना अत्यधिक वांछनीय है ताकि उपलब्ध जलसे अधिक क्षेत्र को सिंचित किया जा सके। इसे नहर अधिकारियों और किसानों के संयुक्त प्रयासों से सिंचाई प्रणाली के उचित रखरखाव और प्रबंधन द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। राष्ट्रीय जल मिशन ने भारत में सिंचाई परियोजनाओं के लिए सिंचाई जल उपयोग दक्षता को 20% तक बढ़ाने और निर्मित और उपयोग की गई सिंचाई क्षमता के बीच अंतर को 15% तक कम करने का लक्ष्य रखा है। इसलिए, अधिक उत्पादक प्रणालियों के प्रदर्शन को बनाए रखते हुए, कम उत्पादकता वाली सिंचाई प्रणालियों के कृषि प्रदर्शन को बढ़ाना महत्वपूर्ण है।

